
UPHIN/2011/39718 (Digital Edition) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

यंग भारत वेब न्यूज
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-140 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) शनिवार 02 मई 2026 youngbharatE-paper.com

# यूपी के हर श्रमिक को मिलेगा पांच लाख का सुरक्षा कवच, श्रमवीर गौरव समारोह में सीएम योगी ने की घोषणा



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर आयोजित 'श्रमवीर गौरव समारोह 2026' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के निर्माण और औद्योगिक श्रमिकों को बड़ा सुरक्षा कवच देते हुए पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज और सुरक्षा बीमा की घोषणा की।

उन्होंने साफ कहा कि जो श्रमिक काम करेगा, उसे उसका पूरा दाम मिलेगा। अगर कोई दाम नहीं देगा, तो सरकार उसका काम तमाम करेगी। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कुछ योजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास भी किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 12.26 लाख निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान योजना से जोड़ा जा चुका है, जबकि शेष 15.83 लाख श्रमिकों को भी जल्द पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में 10 या उससे अधिक श्रमिकों वाले प्रतिष्ठानों में काम करने वाले मजदूरों को भी पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा देने की तैयारी है, जिससे करीब एक करोड़ श्रमिक लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र में तीन करोड़ लोग कार्यरत हैं और बीते वर्षों में 18 हजार नए उद्योग स्थापित हुए हैं, जिससे 65 लाख लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने उद्योग और श्रमिकों को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए औद्योगिक शांति बनाए रखने पर जोर दिया। बताया कि अब हम नए वेज बोर्ड में इसकी व्यवस्था करने जा रहे हैं। बीमा कंपनियां, श्रम एवं सेवायोजन विभाग और उद्यमी मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले सभी श्रमिकों को भी पांच लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास और औद्योगिक विकास विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि अपनी नीतियों में बदलाव करें। जहां उद्योग हैं, वहीं श्रमिकों के लिए आवासीय सुविधाएं प्रदान की जाएं। साथ ही आश्वस्त किया कि वेज बोर्ड की सिफारिशें जैसे ही आएंगी औद्योगिक विकास विभाग और श्रम एवं सेवायोजन विभाग की बैठकें शुरू हो जाएंगी। हम इतना अच्छा पैकेज तैयार करेंगे कि हर श्रमिक सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके। मुख्यमंत्री ने सीएम कंपोजिट विद्यालय जेवर की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और श्रम मंत्री अनिल राजभर, श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार, प्रमुख सचिव डा. एमकेएस सुंदरम और श्रम आयुक्त मार्कंडेय शाही उपस्थित रहे।

### नोएडा में 300 बेड का अस्पताल व श्रमिक सुविधा केंद्र का होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में श्रमिक सुविधा केंद्रों के निर्माण का बटन दबाकर शिलान्यास किया। इन केंद्रों के निर्माण से श्रमिकों को एक ही स्थान पर आवश्यक सेवाएं और सुविधाएं मिलेंगी। श्रमिकों के ठहरने की बेहतर सुविधा के लिए श्रमिक डारमेट्री बनाई जाएगी। यहां सस्ती और गुणवत्तापूर्ण कैंटीन भी होंगी। ईएसआइसी अस्पताल ग्रेटर नोएडा के लिए 7.2 एकड़ भूमि आवंटन पत्र दिया गया। यहां 300 बेड का अस्पताल बनेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि गीडा गोरखपुर में पांच एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जहां ईएसआइसी हॉस्पिटल का निर्माण होगा। सभी औद्योगिक क्षेत्रों में ईएसआइसी हास्पिटल स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में 41 जिलों में 116 ईएसआइसी औषधालय संचालित हैं। शेष 34 जिलों में भी जल्द ही एक-एक ईएसआइसी औषधालय स्थापित करने का प्रस्ताव है। अटल आवासीय विद्यालयों से 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट और प्रमाणपत्र देकर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इनमें वाराणसी की श्वेता, आजमगढ़ की अंशिका, बस्ती की सृष्टि गुप्ता, लखनऊ की रीत मौर्य, अयोध्या की अभिलाषा, संगम यादव, हर्ष कुशवाहा, हर्षित, गणेश कुमार और उदय प्रताप शामिल रहे। शत-प्रतिशत परिणाम देने पर प्रयागराज के प्रधानाचार्य गोपाल कांत मिश्र और वाराणसी के सत्येंद्र प्रताप सिंह को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा पांच निर्माण श्रमिकों को प्रतीक स्वरूप टूल किट प्रदान की गई।

# यादवों ने मुगलों-अंग्रेजों के सिपाही बनकर हमें पीटा... ', महाराजा सुहेलदेव का नाम लेकर राजभर ने अखिलेश को ललकारा



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव पर अब तक का सबसे कड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने 'वोट हमारा, राज तुम्हारा' की नीति अपनाकर पिछड़े वर्ग को ठगा है।

राजभर ने कहा कि अब पिछड़ा समाज जागरूक हो चुका है और वह अखिलेश यादव को सत्ता तक पहुंचाने के लिए समर्थन नहीं देगा, बल्कि अपने अधिकार खुद हासिल करेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से राजभर ने अखिलेश यादव से सीधा सवाल किया कि गैर-यादव ओबीसी को उनका वास्तविक अधिकार कब मिलेगा। उन्होंने कहा कि 'वोट हमारा, राज तुम्हारा' जैसी राजनीति अब ज्यादा दिन नहीं चलेगी। राजभर ने यह भी आरोप लगाया कि पहले दंगे करवाकर और समाज को आपस में बांटकर ओबीसी राजनीति की गई, जिससे पिछड़े वर्ग को कमजोर बनाए रखा गया। इतिहास का हवाला देते हुए राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव के समाज का किसी विदेशी ताकत के खिलाफ संघर्ष का उल्लेख नहीं मिलता। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले मुगलों और अंग्रेजों की सेना में शामिल होकर दबाव बनाया गया और आज भी गरीबों पर अत्याचार के निशान मौजूद हैं। उनका कहना था कि अब समाज को आपस में लड़ाकर कमजोर करने की कोशिश सफल नहीं होगी। अपनी विरासत का जिक्र करते हुए राजभर ने कहा कि उनका इतिहास महाराजा सुहेलदेव राजभर और रानी अवंती बाई लोधी जैसे वीरों से जुड़ा है। उन्होंने दोहराया कि पहले दंगे करवाकर ओबीसी राजनीति की गई, लेकिन अब उनका समाज अत्याचार सहने वाला नहीं है और अपने राजनीतिक अधिकार लेकर रहेगा। अंत में उन्होंने 'जय महाराजा सुहेलदेव' और 'जय ओबीसी' के नारे लगाए।

## सुर्खियां.............

### सात लोगों ने मिलकर युवक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** रंगबाजी को लेकर ग्राम लहचूरा में सात लोगों ने मिलकर युवक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। घायल युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

### रंजिश के चलते महिला के साथ गाली, ग्लौज व मारपीट की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** रंजिश के चलते गांव के ही व्यक्ति द्वारा महिला के साथ गाली, ग्लौज व मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी महिला नूना ने पुलिस को बताया कि गांव के ही कुलदीप उसके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते हैं।

### दरवाजा वेल्डिंग कर सील किए जाने के मामले में दो लोगों पर पुलिस कार्यवाही

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मोहल्ला नारोभास्कर में दूल्हे के घर का दरवाजा वेल्डिंग कर सील किए जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज कर ली है। एक व्यक्ति के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई जबकि दूसरे व्यक्ति को पुलिस तलाश रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी मुहम्मद माजिद की बारात बुधवार शाम झांसी गई थी और गुरुवार सुबह जब वह अपनी पत्नी नजमा के साथ घर लौटे तो मुख्य दरवाजा वेल्डिंग से सील मिला।

# 2 मई को करोड़ों मोबाइल पर एक साथ बजेगा सायरन, घबराएं नहीं, सरकार कर रही बड़ी तैयारी

( यंग भारत न्यूज )

2 मई को देश के करोड़ों मोबाइल पर एक साथ तेज सायरन बज सकता है। सरकार देशभर में एक नया मोबाइल बेस्ड डिजास्टर अलर्ट सिस्टम टेस्ट किया जाएगा। इस मोबाइल डिजास्टर कम्युनिकेशन सिस्टम या इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम को दूरसंचार विभाग ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट ऑथिरिटी (नोमा) के साथ मिलकर तैयार किया है।

इसका मकसद आपातकाल की स्थिति में लोगों को एक साथ अलर्ट करना है। पहले भी इस सिस्टम को दिल्ली-हृष्टक्र और कई मेट्रो शहरों में टेस्ट किया जा चुका है। सरकार ने इसका नाम स्र्ष्ट॥श्वज्ञ (नेशनल डिजास्टर अलर्ट पोर्टल) रखा है। सरकार ने पहले ही लोगों को स्स्- के जरिए इसे लेकर जानकारी शेयर की है। नोमा द्वारा भेजे गए मैसेज में कहा गया है कि 2 मई 2026 को आपके क्षेत्र में 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट' का परीक्षम किया जाएगा। आपके मोबाइल पर यह संदेश प्राप्त होने पर, किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है। कृपया घबराएं नहीं।



### अलर्ट सिस्टम

ऐसे में कल यानी 2 मई को आपके फोन पर भी सायरन बजता है, तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार द्वारा इस अलर्ट सिस्टम को टेस्ट किया जाएगा ताकि भविष्य में कोई आपदा आता है तो लोगों को इसकी मदद से अलर्ट भेजा जा सके। दूरसंचार विभाग (डीओटी) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (नोमा) मिलकर इसका ट्रायल कर रही है। यह लोगों को आपदा के समय अलर्ट करने का काम करेगा, ताकि लोग सचेत रहे और जान-माल की क्षति कम किया जा सके।

### कैसे काम करता है ये सिस्टम?

डीओटी और नोमा द्वारा डेवलप किया गया यह अलर्ट सिस्टम 'कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी)' पर आधारित है। इंटरनेशन टेलीकॉम यूनियन द्वारा सुझया गया यह सिस्टम देश के सभी 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में एक्टिव है। इसमें यूजर्स को मोबाइल पर स्स्- के जरिए आपदा से जुड़ी चेतावनी भेजी जाती है। साथ ही, फोन पर एक तेज सायरन बजाया जाता है, ताकि लोग सचेत हो सके। हालांकि, इस सिस्टम को इस तरह से डेवलप किया गया है, कि केवल उन क्षेत्र के लोगों के मोबाइल पर अलर्ट आएगा, जहां कोई आपदा आने वाला है। इसमें सेल ब्रॉडकास्ट टेक्नोलॉजी का यूज किया जाता है, जिसकी वजह से सभी मोबाइल डिवाइस पर रियल टाइम में एक साथ अलर्ट मिलता है।

# मेडिकल कॉलेज में एक चिकित्सक जो प्रशासनिक पद पर तैनात है की शह पर नर्सिंग अधीक्षिका कर रही है अपने पद का भारी दुरुपयोग

## प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ जो जिले के ही निवासी हैं उनका अभयदान पाकर लॉबिंग के आधार पर चल रहा है मेडिकल में गोरख धंधा

- छोटे छोटे कामों के लिए वसूलती हैं पैसा
- अधिक्षिका रमा यादव की पहले भी हो चुकी हैं कई शिकायतें मगर आक़ा द्वारा मामला सम्भाल लिया जाता है हर बार

(प्रधान सम्पादक की कलम से)

(यंग भारत न्यूज)

**उरई।** राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में नर्सिंग व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यहां तैनात नर्सिंग अधीक्षिका रमा यादव पर भ्रष्टाचार, स्टाफ शोषण और मनमानी के आरोप सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि वह पिछले तीन वर्षों से इस पद पर तैनात हैं और इस दौरान लगातार विवादों में बनी रही हैं।

सूत्रों के अनुसार, रमा यादव पहले इसी मेडिकल कॉलेज में सीनियर नर्स स्टाफ के रूप में कार्यरत थीं, जिसके बाद उन्हें नर्सिंग अधीक्षिका का पद मिला। आरोप है कि पदभार संभालने के बाद से ही उन्होंने अपने अधिकारों का दुरुपयोग शुरू कर दिया और नर्सिंग स्टाफ पर अनावश्यक दबाव बनाना शुरू कर दिया। मेडिकल कॉलेज के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि छुट्टी लेने, ड्यूटी बदलने या अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए स्टाफ से अवैध वसूली की जाती है। बिना पैसे दिए कोई भी कार्य आसानी से नहीं होता। कई नर्सिंग कर्मियों का आरोप है कि यदि कोई उनकी बात नहीं मानता, तो उसका वेतन काटने जैसी कार्रवाई कर दी जाती है, जिससे स्टाफ में भय का माहौल बना हुआ है। इतना ही नहीं, यह भी आरोप है कि अधीक्षिका स्वयं नियमित रूप से ड्यूटी नहीं करतीं और केवल कुछ समय के लिए आकर चली जाती हैं, जबकि स्टाफ से पूरे समय कार्य कराने का दबाव बनाया जाता है। इससे न केवल कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है, बल्कि मरीजों की देखभाल पर भी असर पड़ रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि रमा यादव को एक वरिष्ठ डॉक्टर का संरक्षण प्राप्त है, जो राजनीतिक गतिविधियों से भी जुड़ा हुआ है। इसी कारण उनके खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस संरक्षण के चलते मेडिकल कॉलेज प्रशासन भी खुलकर कोई कदम उठाने से बचता नजर आ रहा है। नर्सिंग स्टाफ के बीच इस मुद्दे को लेकर भारी आक्रोश है। कई कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से इस स्थिति को झेल रहे हैं, लेकिन शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती। अब हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि कर्मचारियों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, इस पूरे मामले पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है। यदि आरोप सही हैं, तो यह न केवल विभागीय भ्रष्टाचार का मामला है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी सीधा असर डालता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में कोई जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होती है, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह दबा दिया जाएगा। फिलहाल, नर्सिंग स्टाफ को न्याय मिलने की उम्मीद बनी हुई है।



- नर्सिंग स्टाफ ने लगाएं अपनी अधीक्षिका पर गंभीर आरोप
- नर्सिंग स्टाफ में आक्रोश, प्रशासन से जांच की मांग
- उच्च स्तरीय जांच कराकर ठोस कार्यवाही करने की मांग

# उरई रेलवे स्टेशन के अधीक्षक एसके खरे दी गई भाव भीनी विदाई

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** उरई रेलवे स्टेशन पर लगभग 5 वर्ष तक स्टेशन अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे एसके खरे 30 अप्रैल सेवानिवृत्ति हो गए। उनके विदाई समारोह का कार्यक्रम स्टेशन स्थित वी आई पी रूम में किया गया। जहां पर बरेलवे से जुड़े सभी विभागों के सुपरवाइजर कर्मचारी ने उनके विदाई समारोह में भाग लिया और उनका फूल माला शोल ओढ़ाकर श्री फल भेंट कर सम्मानित किया ।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा ने श्री खरे को सेवानिवृत्ति पर बधाई देते हुए कहा कि रेलवे की नौकरी उन्होंने जीवन भर की। अब सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें पत्रकारिता में आकर समाज और रेलवे कर्मियों की भलाई के लिए काम करना चाहिए । चौकी पत्रकारिता में उन्हें खुलकर कहने और लिखने स्वतंत्रता रहेगी ।अब उनके



स्थान पर उरई स्टेशन का स्टेशन अधीक्षक का कार्यभार राजीव कौशिक ने संभाला। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अचल शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत शर्माआरपीएफ के थाना प्रभारी अभिषेक यादवरेलवे के अलावा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं मंद व्यापार मंडल के पदाधिकारीएवं समाजसेवी मूसीर अहमद रिजवान अहमदउपस्थित रहे। विदाई समारोह के कार्यक्रम का संचालन रेल वाच के समाचार संपादक बृजमोहन निरंजन लाल जी ने किया

## 13 दिन दिन पूर्व मायके के लिए निकली वृद्ध महिला लापता

### 0 अनिष्ट की आशंका से परिवार परेशान

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई ।** 13 दिन दिन पूर्व मायके के लिए निकली वृद्ध महिला मायके नहीं पहुंची। रास्ते से ही लापता हो गई। पीड़ित पति ने गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने वृद्ध महिला की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लौना रोड नया खंडेराव निवासी सुरेश दोहरे ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी राजकुमारी (60) बीती 17 अप्रैल को दोपहर करीब एक बजे कुठोंद थाना क्षेत्र के ग्राम नैनापुर स्तिथ मायके जाने के लिए घर से निकली थी। उन्होंने बताया था कि मायके में दो दिन रहकर वह वापस घर आ जाएंगी। दो दिन बाद जब उन्होंने ससुराल फोन किया तो पता चला कि वह मायके पहुंची ही नहीं हैं। इसके बाद उनकी तलाश शुरू की। सभी संभावित स्थानों और नाते, रिश्तेदारों के यहां पर तलाश करने के बाद भी पत्नी का कहीं कोई पता नहीं चला। पीड़ित पति ने पत्नी की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं, पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर वृद्धा की तलाश शुरू कर दी है।

## सस्ते में अंगूठी देने का झांसा देकर हड़पा युवक का मोबाईल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई ।** अज्ञात युवकों ने सोने की अंगूठी और चांदी की पायल सस्ते में देने का लालच देकर युवक का मोबाइल फोन ठग लिया। पीड़ित युवक ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम गिगौरा निवासी जीतू ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार सुबह अहमदाबाद से बस द्वारा आया था और कोंच चौराहा पर उतरकर अपने घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक अनजान युवक उसके पास आया और एक पर्चा दिखाते हुए उसमें लिखी जानकारी पढ़ने को कहा। पर्चे में सोने की अंगूठी की कीमत 75 हजार रुपये और चांदी की पायल की कीमत 13 हजार रुपये लिखी थी। उस युवक ने उससे दोनों सामान 30000 रुपये में खरीदने को कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। तभी दूसरा युवक वहां पहुंचा और बोला कि वह इन दोनों सामानों को 50 हजार रुपये में खरीद लेगा और उसने पेशगी के तौर पर 5000 रुपये नकद दे दिए साथ ही बाकी रुपये घर से लाने की बात कहकर चला गया। इसके बाद पहले युवक ने पीड़ित को लालच देते हुए कहा कि वह ये सामान ले ले और बदले में अपना मोबाइल और 10000 रुपये दे दे। जब उसने इनकार किया तो मात्र मोबाइल देने पर ही दोनों समान देने की बात कही। लालच में आकर उसने अपना मोबाइल उसे दे दिया। मोबाइल लेकर वह युवक ऑटो में बैठकर वहां से चला गया। जब उसने दोनों समान को दिखाया तो वह रोल्ड गोल्ड के थे। तब उसे अपने साथ ठगी का अहसास हुआ। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने किया प्रमुख स्थानों का औचक निरीक्षण

**-भीषण गर्मी एवं हीट वेव के दृष्टिगत मुख्य बाजारों में संचालित वाटर एटीएम का पानी पीकर स्वयं देखी गुणवत्ता**

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी ।** भीषण गर्मी एवं लू/हीट वेव के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी ने आज शहर के प्रमुख स्थान जेल चौराहा, रानी लक्ष्मीबाई पार्क, बस स्टैण्ड का स्थलीय निरीक्षण करते हुए नगर निगम द्वारा आम जनमानस को भीषण गर्मी से बचाव के उपायों का किया निरीक्षण।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस दौर में थोड़ी सी लापरवाही स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, इसलिए सभी नागरिक सावधानी अपनाते हुए प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें। प्रमुख स्थानों का निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दुकानदारों, राहगीरों एवं आमजन से गर्मी से बचाव को लेकर बातचीत की। उन्होंने नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य चौराहों, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर लगे वाटर एटीएम को स्वयं चलाते हुए उसका पानी पिया और गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम सहित अन्य एनजीओ को निःशुल्क प्याऊ एवं छायादार स्थलों की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भ्रमण करते हुए जिलाधिकारी ने बाजारों में काम करने वाले श्रमिकों एवं ठेला–पटरी व्यवसायियों के लिए दोपहर 12 से 03 बजे तक कार्य से बचने की सलाह दी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी सीएचसी/पीएचसी पर ओआरएस पैकेट,आवश्यक दवाएं एवं हीट स्ट्रोक वार्ड सक्रिय रखे जाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उनका सदुपयोग किया जा सके। उन्होंने मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल सहित अन्य मुख्य स्थलों पर ओआरएस काउंटर भी लगाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति एवं अस्पतालों में निर्बाध बिजली दी जाए।

साथ ही आमजन से अपील की कि जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें, हल्के सूती कपड़े पहनें, सिर ढककर रखें तथा अधिक से अधिक पानी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन करें। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष सैनी,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वरुण कुमार पाण्डेय, अपर नगर आयुक्त राहुल कुमार यादव, आपदा विशेषज्ञ धीरज कुमार त्रिपाठी, आरएम रोडवेज सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## माले और पल्लेदार यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में मजदूर दिवस मनाया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई ।** नवीन गल्ला मंडी परिसर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) और पल्लेदार यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मजदूरों ने अपने अधिकारों और समस्याओं को लेकर विचार–विमर्श किया गया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामबाबू कारीगर ने कहा कि मजदूर वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन आज भी उन्हें उनके श्रम के अनुरूप सम्मान और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए एकजुटता बेहद जरूरी है और संगठित होकर ही अपने अधिकारों को हासिल किया जा सकता है। कामरेड शिवबालक बाथम ने कहा कि मजदूरों को समय पर उचित मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल पर सुरक्षा सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मजदूरों के हित में ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके। फूलसिंह कुशवाहा ने कहा कि समाज में अधिकांशतः मजदूर वर्ग का शोषण किया जाता है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मजदूर एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएं। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार, रामबाबू प्रजापति, अरविंद कुशवाहा, रामजी बाथम, दीपू वर्मा, अशोक जाटव, चंद्र प्रकाश, रामकिशोर, जितेंद्र कुमार, खलील आदि मौजूद रहे।

## उपजिलाधिकारी एवं नायब तहसीलदार ने प्रधानमंत्री तीन दर्जन आवासो का निरीक्षण कर प्रथम किस्त पर निर्माण

( यंग भारत न्यूज )

कालपी जालौन 1 मई प्रधानमंत्री आवास की लाभार्थियों को प्रथम किस्त निर्माण की हकीकत को रखने के लिए उपजिलाधिकारी नायब तहसीलदार ने सदर लेखपाल के साथ नगर के विभिन्न मोहल्ले में लगभग 36 आवासों निर्माणाधीन का निरीक्षण कर प्रथम किस्त पैसे का सत प्रतिशत उपयोग आवास निर्माण करने के निर्देश दिए।



शुक्रवार के दिन उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह नायब तहसील दार मुकेश कुमार सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह के साथ नगर के विभिन्न मोहल्लों में जैसे टरननगंज आलमपुर तरीबुल्दा आदि मोहल्ले में सरकार के द्वारा पात्र लाभार्थियों को आवास की प्रथम किस्त धन राशि उपलब्ध कराई गई थी उक्त धनराशि से आवासों की निर्माण की हकीकत को बिंदुबार निरीक्षण किया मौजूद लाभार्थियों से कहा की जो प्रथम धनराशि आपको प्राप्त हुई है वह धनराशि आवास के निर्माण में पूरा खर्च करें जिससे आपके खाते में दोबारा निर्माण के लिए धनराशि आ सके निरीक्षण के दौरान तीन दर्जन लाभार्थियों आवासों का निर्माण चल रहा है कुछ लाभार्थी लोगों का प्रथम किस्त का निर्माण पूरा पाया गया साथ में उन्होंने मौजूद लाभार्थियों से कहा कि आवास मिलने पर किसी को कोई पैसा न दे दूसरी किस्त का पैसा आपके बचत खाते में स्वयं आ जाएगा साथ में बिचौलियों से सावधान रहें जिस लाभार्थी ने आवास का निर्माण नहीं किया तथा पैसे का दुरुपयोग किया तो ऐसे लाभार्थियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## घर के बाहर बैठी महिला से अश्लील हरकतें करने के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई ।** घर के बाहर बैठी महिला को देखकर गांव का युवक उसके सामने अश्लील गाना गाने लगा और महिला को गुटखा खाने को कहने लगा। महिला के विरोध करने पर उसे धमकाया। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा खुर्द निवासी सरला देवी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की शाम वह अपने घर के सामने बैठी थी। तभी गांव का ही युवक प्रदीप कुमार वहां आ गया ।महिला का आरोप है युवक उसे देखकर अश्लील गाना गाने लगा और उसे गुटका देने लगा। जब उसने इनकार किया तो गाली, गलौज कर उसे धमकाने लगा। जब उसने शोर मचाया तो आसपास के लोगों को आता देख वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सात लोगों ने मिलकर युवक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई ।** रंगबाजी को लेकर ग्राम लहचूरा में सात लोगों ने मिलकर युवक के साथ गाली–गलौज कर मारपीट कर दी। घायल युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी आनंद सिंह ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को उनके बेटे योगेंद्र सिंह का गांव के ही अशोक चौरसिया के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान मारपीट में बेटे को चोट आई थी। कुछ देर बाद गांव के ही अशोक चौरसिया, सत्यम चौरसिया, शिवम चौरसिया, सुंदरम चौरसिया, रामस्वरूप चौरसिया, नया पाठकपुरा उरई निवासी देवेश सिंह, उरई कोतवाली के कैथरी निवासी प्रदुम्न चौरसिया उनके घर के बाहर आ गए और योगेंद्र के साथ गाली, गलौज व मारपीट करने लगे। जब परिवार में लोगों ने बीच बचाव किया तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रंजिश के चलते महिला के साथ गाली, ग्लौज व मारपीट की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई ।** रंजिश के चलते गांव के ही व्यक्ति द्वारा महिला के साथ गाली, ग्लौज व मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी महिला नूना ने पुलिस को बताया कि गांव के ही कुलदीप उसके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शुक्रवार की सुबह कुलदीप उसके घर के बाहर खड़े होकर गाली, गलौज कर रहे थे। जब उसने गाली देने से मना किया तो हाथापाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

## दरवाजा वेल्डिंग कर सील किए जाने के मामले में दो लोगों पर पुलिस कार्यवाही

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई ।** मोहल्ला नारोभास्कर में दूल्हे के घर का दरवाजा वेल्डिंग कर सील किए जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज कर ली है। एक व्यक्ति के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई जबकि दूसरे व्यक्ति को पुलिस तलाश रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी मुहम्मद माजिद की बारात बुधवार शाम झांसी गई थी और गुरुवार सुबह जब वह अपनी पत्नी नजमा के साथ घर लौटे तो मुख्य दरवाजा वेल्डिंग से सील मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा कटवाकर खुलवाया था, जिसके बाद दुल्हन का गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान दूल्हा, दुल्हन को करीब तीन घंटे घर के बाहर खड़ा रहना पड़ा था। इस प्रकरण में माजिद की तहरीर पर पुलिस ने मुहम्मद अजहर और अनस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। माजिद ने आरोप लगाया कि पारिवारिक रंजिश के चलते आरोपियों ने उसकी गैरमौजूदगी में घर का दरवाजा वेल्डिंग करवा कर सील कर दिया और उलाहना देने पर मारपीट भी की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अनस के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। जबकि दूसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है।

## इण्डिया-इजराइल बुन्देलखण्ड वाटर प्रोजेक्ट की वीसी के माध्यम से जिलाधिकारी ने ली जानकारी

**झांसी ।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बुन्देलखण्ड विशेष रुप से विकास खण्ड बबीना में पानी के इंतजाम की परियोजना के लिये उ0प्र0 सरकार और इजराइल के जल संस्थान मंत्रालय के मध्य प्लान आफ को–ऑपरेशन (सहयोग योजना) की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जानकारी लेते हुए समीक्षा की। योजना का मुख्य उददेश्य बुन्देलखण्ड में पानी के संकट से जूझ रहे इस विशेष क्षेत्र के लिये पेयजल सहित सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

इस समस्या से निजात दिलाने के लिये बुन्देलखण्ड में जल प्रबन्धन के क्षेत्र में दीर्घकालीन सुधार के लिये प्लान आफ को–ऑपरेशन के जरिए इण्डिया–इजराइल बुन्देलखण्ड वाटर प्रोजेक्ट (भारत–इजराइल बुन्देलखण्ड जल परियोजना) इजराइल द्वारा विकसित किया जा रहा है, उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बन्धित अधिकाारियों के साथ आज के लिए जिनसे आठ घंटों किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, जियोफिजिस्ट ग्राउण्ड वाटर डिपार्टमेंट, सिंचाई विभाग एवं जल निगम से अब तक किए गए विभागीय कार्यो की जानकारी लेते हुए क्षेत्र में इंडिया इजराइल बुन्देलखण्ड वाटर प्रोजेक्ट की पूर्ण जानकारी कृषकों को प्रदान करने हेतु बैनर /पम्पलेट लगाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिए कि चयनित कृषकों द्वारा अपनायी जा रही परम्परागत कृषि पद्धतियों एवं परियोजनान्तर्गत प्रस्तावित उन्नत इजराइली कृषि तकनीकों/पद्धतियों के मध्य तुलनात्मक अध्ययन कर उससे होने वाले लाभ का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कृषकों को प्रोसाहित किया जायें। जिलाधिकारी ने वाटर प्रोजेक्ट की जानकारी लेते हुए किसानों के मध्य परियोजना से सम्बन्धित समझौते के संबंध में उत्पन्न होने वाली शंकाओं एवं भ्रमों के निवारण हेतु सरल एवं स्पष्ट अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न का संकलन तैयार किया जाना आवश्यक है, जिसे संबंधित कृषकों को वितरित किया जाएगा, जिससे वे योजना की शर्तों एवं लाभों के संबंध में पूर्णतः अवगत हो सकें, इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्राम स्तर पर कृषकों को 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' का वितरण कर उन्हें भली–भांति समझाए जाने के उपरांत, संबंधित क्षेत्रीय लेखपाल, जिला कृषि अधिकारी एवं भूगर्भ जल विभाग के अधिकारी द्वारा ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में कृषकों से प्राप्त फीडबैक संकलित कर आगामी बैठक से पूर्व अवगत कराया जाये। उन्होंने ग्राम स्थित तालाब में प्रवाहित हो रहे नाले के अपशिष्ट जल के प्रभावी प्रबंधन एवं शोधन हेतु, तालाब में प्रविष्टि से पूर्व एक वेस्ट स्टेबलाइजेशन पॉण्ड के निर्माण का निर्णय लिया। उक्त कार्य हेतु आवश्यकतानुसार मनरेगा से सहयोग लिया जा सकता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा इंडिया इजराइल बुन्देलखण्ड वाटर प्रोजेक्ट की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता ने बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना इंडिया इजराइल बुन्देलखण्ड वाटर प्रोजेक्ट बुन्देलखण्ड क्षेत्र में जल की समस्या के समाधान हेतु इजराइल सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही है।

परियोजनान्तर्गत प्रस्तावित उन्नत इजराइली कृषि तकनीकों/पद्धतियों का प्रदर्शन विकासखण्ड बडागाँव की ग्राम पंचायत गंगावली मिनी पायलट डी0 एण्ड बी0 में 10 हेक्टे. कृषिकों की कृषि भूमि पर किया जाना है। यह भी अवगत कराया गया कि वर्ष 2022–23 में उक्त परियोजना हेतु कृषकों का चयन किया गया तथा कृषकों से औपचारिक सहमति ली गयी परियोजना के कार्यों के दौरान कोई बाधा न हो इसके लिए कृषको, कार्यदायी फर्म तथा विभाग के मध्य त्रिपक्षीय समझौता/अनुबन्ध किया जाना आवश्यक है, परन्तु कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व त्रिपक्षीय समझौता करने में कृषकों द्वारा असहमति व्यक्त किया गया जिससे परियोजना क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है। उप जिलाधिकारी सदर द्वारा अवगत कराया गया कि तालाब की पैमाईस का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टीम द्वारा (राजस्व विभाग/कृषि विभाग/भूगर्भ जल विभाग) गाँव में परियोजना की जानकारी दी गयी है परन्तु कृषकों द्वारा अभी भी असहमति व्यक्त की जा रही है साथ ही यह सुझाव दिया गया कि भूगर्भ जल विभाग द्वारा तैयार त्रिपक्षीय समझौते को संक्षिप्त एवं सरल बनाया जाना आवश्यक है, जिससे कृषकों द्वारा उसे आसानी से समझा जा सके तथा एग्रीमेंट की प्रक्रिया अतिशीघ पूर्ण की जा सके। बैठक के अन्त में निदेशक महोदय द्वारा परियोजना की महत्ता के दृष्टिगत जिलाधिकारी झांसी द्वारा दिये गये सभी निर्देशों का अक्षरसः पालन करते हुए परियोजना को आवश्यक गति प्रदान करना सुनिश्चित करें, बैठक धन्यवादोंपरान्त समाप्त हुई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, जॉइंट मजिस्ट्रेट आयुष सैनी, मनीष कन्नौजिया उपस्थित रहे।

# लम्बित प्रकरणों के निस्तारण हेतु 21,22 व 23 अगस्त विशेष लोक अदालत का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती शाम्भवी प्रथम ने बताया कि समस्त विद्वान अधिवक्तागण और वादकारियों को सूचित किया जाता है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 21, 22 व 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में लम्बित प्रकरणों के निस्तारण हेतु विशेष लोकअदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोकअदालत का आयोजन मा0 जनपद न्यायाधीश श्री विरजेन्द्र कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में जिला न्यायालय जालौन स्थान उरई में किया जाना है। इसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में लम्बित प्रकरणों के अधिकाधिक मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जाना है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती शाम्भवी प्रथम द्वारा बताया गया कि न्याय को सरल एवं सुलभ तरीक से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ किया जा रहा है जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी।

विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को होगी, जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किया जायेगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/जिला/तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरु हो गया है। इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है। उन्होंने यह भी बताया कि अधिवक्तागण/ वादकारियों तथा अन्य सभी सम्बंधित पक्षों को इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाता है। 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ हो रहे समाधान समारोह में आपसी सहमति एवं वार्ता से समाधान तलाशने का प्रयास किया जायेगा। इन सुलह.बैठकों का आयोजन राज्य/जिला/तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार/समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा/ अथवा सचिव विधिक सेवा प्राधिकार समिति पक्षकारों की मदद करेंगे। पक्षकार इन सुलह.प्रयास हेतु बैठकों /वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते हैं।उन्होंने बताया कि अपने मामले (जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है) को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में कैसे शामिल करें। इस वास्ते गूगल फॉर्म तैयार किया गया है। इस गूगल फॉर्म को भरना अत्यंत सरल है। इसे भरकर अपने मामले को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल किया जा सकता है। यह गूगल फॉर्म माननीय सर्वोच्च न्यायालय के वेबसाइट https.//www.sci.gov.in पर उपलब्ध है । गूगल फॉर्म लिंक. https.//forms.gle/pRWbif{wAPrcgMsZ8 गूगल फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई 2026 है। हर प्रकार की सहायता/जानकारी के लिए सम्पर्क करें। समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) हेतु बनाय गये वन स्टॉप सेन्टर (वार रूम) इंचार्ज का सम्पर्क नं0- 011-23115652, 011-23116464 सी. आर. पी निदेशक का सम्पर्क नं0- 011-23115652, 011-23116465 वन स्टॉप सेन्टर (कक्ष संख्या 806 एवं 808,वी ब्लॉक, अतिरिक्त भवन परिसर, सर्वोच्च न्यायालय) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जनहित में जारी।

# श्री बुद्ध वीथिका का हुआ शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** श्री विष्णु अवतारी श्री बुद्ध भगवान जी की जयंती के उपलक्ष में इन्टैक उरई अध्याय ,कानपुर बुंदेलखंड प्रान्तीय कला धरोहर समिति संस्कार भारती और भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा उरई के संयुक्त तत्वाधान में चूड़ी वाली गली स्थित श्रीमती संध्या पुरवार के निज निवास पर श्री बुद्ध भगवान जी की एक वीथिका लगाई गई ।

इस वीथिका का शुभारंभ झांसी से पधारी श्रीमती रमा निरंजन जी एम एल सी तथा मुंबई के पूर्व एक्साइज कमिश्नर श्री शंभू दयाल जी ने संयुक्त रुप से माँ वीणा पाणिनी की मूर्ति के समक्ष शंख ध्वनि के मध्य दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती रमा निरंजन जी ने नारी सशक्तिकरण की बात की। उन्होंने कहा कि अपने भारत में नारी तो आदि काल से सशक्त है। विशिष्ट अतिथि श्री शंभू दयाल जी ने कहा कि ऐसी वीथिकाओं से भगवान श्री बुद्ध के विचारों से आम जन मानस को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा वर्तमान समय में थाईलैंड में बुद्ध अनुयायियों के मृदुल व्यवहार को हृदय से महसूस किया जा सकता है। इस वीथिका में भगवान श्री बुद्ध के चित्र से युक्त भारत, इंडोनेशिया, जापान, लाओस, कंबोडिया, बर्मा, थाईलैंड, चीन, भूटान, श्रीलंका आदि देशों के बहुत प्यारे-प्यारे सुंदर डाक टिकट प्रदर्शित किए गए इनके अलावा भूटान द्वारा भगवान श्री बुद्ध की टंका पेंटिंग्स से युक्त सिल्क कपड़े की डाक टिकट तो अति आकर्शक रहीं। बीथिका में इन डाक टिकटों के अलावा श्री बुद्ध जी के चित्र से युक्त लगभग 22 00 वर्ष प्राचीन कुशाण कालीनऔर गुप्त कालीन ताम्र मुद्दाओं के साथ-साथ जापान ,चीन ,नेपाल, श्रीलंका आदि देशों की मुद्राएं विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस वीथिका की सबसे आकर्षक वस्तु बोध वृक्ष की वह पत्ती थी जिसे भारत सरकार ने श्रीलंका के राष्ट्रपति महोदय की भारत भ्रमण यात्रा के समय उन्हें बोध वृक्ष भेंट किया था ।इसके साथ भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा जारी बोध वृक्ष का दुर्लभ डाक टिकट भी प्रदर्शित किया गया। वीथिका में भगवान श्री बुद्ध, बोध वृक्ष के टेंपल टोकेंस भी प्रदर्शित किए गए। पुखराज ,ब्लैक जैड स्टोन,मरगज पन्ना रत्न के श्री बुद्ध शीर्षो के साथ पिंक जैड रत्न पत्थर की आराम मुद्रा में श्री बुद्ध मूर्ति अति मनभावन है ।

पुरवार दंपत्ति द्वारा भूटान, नेपाल, थाईलैंड ,कंबोडिया ,बर्मा ,श्रीलंका आदि बौद्ध देशों की यात्रा के चित्र भी वीथिका के आकर्षण का केंद्र रहे। इस वीथिका में भगवान श्री बुद्ध की लगभग 90 वर्ष प्राचीन हस्त निर्मित पेंटिंग भी प्रदर्शित की गई जिसमें श्री बुद्ध भगवान अपने प्रथम पांच शिष्यों को अपने उपदेशों से दीक्षित कर रहे हैं।

भगवान श्री बुद्ध की मूर्तियों के अलावा इस वीथिका में वर्तमान समय में चीन के लाफिंग बुद्धा की कई मूर्तियों के साथ न्यू आइलैंड द्वारा पूर्ण रजतीय अपरिचालित द्वि आयामी दो मुद्राओं के साथ श्रीलंका की लाफिंग बुद्धा युक्त मुद्रा भी प्रदर्शित की गई । श्रीमती सन्ध्या पुरवार ने बतलाया कि कुछ विद्वानों का मानना है कि लाफिंग बुद्धा श्री कुबेर जी का ही स्वरुप है। भगवान बुद्ध के चित्र से युक्त कंबोडिया तथा बर्मा के दो बैंक नोट भी वीथिका में प्रदर्शित किए गए। वीथिका में प्रदर्शित समस्त सामग्री श्रीमती संध्या पुरवार व डॉक्टर हरीमोहन पुरवार के निजी संग्रह से प्रस्तुत की गई । श्रीमती सन्ध्या पुरवार ने मुख्य अतिथि श्री मती रमा निरंजन का डॉक्टर हरीमोहन पुरवार ने विशिष्ट अतिथि श्री शंभू दयाल जी को शाल उढाकर उनका स्वागत किया तथा श्रीमती संध्या पुरवार ,श्रीमती उषा सिंह निरंजन आदि ने स्मृति चिन्ह भेंट किये। वीथिका अवलोकन में कुमारी काजल राजपूत, प्रदीप कुमार पाट कार ,नवनीत श्रीवास्तव, सूर्य नायक श्रीमती प्रियन्का अग्रवाल, श्रीमती मन्जू विजय रावत,श्रीमती रेखा रावत, श्रीमती प्रीती गुप्ता, श्रीमती प्रीती बन्सल, राम बली सिंह, डा0 राकेश गुप्ता, शिवशंकर रावत, महिपाल सिंह ,रवीन्द्र तिवारी, प्रवीण गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा ।अंत में विवेकानन्द शाखा के अध्यक्ष श्री किशोरी शरण शांडिल्य ने सभी आगन्तुको का आभार व्यक्त किया।

# निजामपुर बौद्ध विहार में धूमधाम से मनाई वैशाखी बौद्ध पूर्णिमा

## बसपा के रहे लोकसभा प्रत्याशी सुरेश गौतम ने समाज को एकजुट होने का दिया आह्वान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद के दर्जनों गांवों व कस्बा एवं शहर बौद्ध विहार बधौरा, विकास खंड कुठौंन्द के ग्राम निजामपुर डॉ अंबेडकर मिशन जूं हाईस्कूल में वैशाखी बौद्ध पूर्णिमा को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेश उजाला डिप्टी डायरेक्टर सेवा निवृत्त सूचना विभाग उत्तर प्रदेश, एवं डॉ अर्जुन देव भारती संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ रहे तथागत गौतम बुद्ध को पुष्प अर्पित कर सत्य का मार्ग अपनाने और शांति का संदेश फैलाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीणों ने भगवान बुद्ध की भक्ति में डूबे हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम का आयोजन बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम ने किया, जो लंबे समय से बहुजन मिशन में सक्रिय हैं। एक कुशल अधिकारी के रूप में सेवा देकर उन्होंने समाज उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गौतम ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि तथागत गौतम बुद्ध और डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने परिवार को त्यागकर समूचे समाज के कल्याण के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने सभी से डॉ. आंबेडकर के पथ पर चलकर उनके कार्य को आगे बढ़ाने और समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भगवान बुद्ध की बंधना की और शांति के संदेश को याद किया। यह आयोजन क्षेत्र में बौद्ध अनुयायियों के बीच उत्साह का संचार कर गया। मौजूद रहे भगवती शरण पांचाल, अमित भारती बसपा जिला प्रभारी, नरेंद्र दोहरे, सरदार सिंह दोहरे, समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# श्रमवीरों के सम्मान का उत्सव, मुख्यमंत्री जी ने किया 'श्रमवीर गौरव समारोह 2026' का शुभारंभ

## जनपद में भी गूंजा सम्मान का संदेश, पात्र श्रमिकों को मिली आर्थिक सहायता

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 'श्रमवीर गौरव समारोह 2026' का भव्य शुभारंभ करते हुए श्रम विभाग एवं शिक्षा विभाग की विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं श्रमिकों ने मा0 मुख्यमंत्री जी का वर्चुअल संबोधन देखा और सुना। जनपद स्तर पर कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को सम्मानित करते हुए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, उरई द्वारा 'मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना' के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि वितरित की गई। इसमें अभिषेक कुमार, नीरज कुमार, अरविंद कुमार राठौर एवं राज कुमार को 31-31 हजार रुपये तथा दीपेन्द्र कुमार को 26 हजार रुपये की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह योजनाएं समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे वास्तविक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनपद में श्रमिक कल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से श्रमिक परिवारों को सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, श्रम अधिकारी जगदीश कुमार आदि अधिकारी सहित बड़ी सख्यां में श्रमिक मौजूद रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर सम्यक महिला संघ ने किया खीरदान, गूंजा बुद्ध वंदना का संदेश

## -खीरदान के साथ बुद्ध का समता-करुणा संदेश गूंजा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सम्यक दृष्टि महिला संघ के तत्वावधान में झांसी चुंगी चौराहा पर खीरदान, सामूहिक बुद्ध वंदना एवं धम्म देशना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक जयरामदास आनंद ने किया। इस दौरान दीपा संघमित्रा बुद्ध द्वारा बुद्ध वंदना प्रस्तुत की गई, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो उठा।

ग्रुप संयोजक रिचा आनंद ने कहा कि भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तथागत ने अष्टांगिक मार्ग का संदेश दिया, जिसमें सम्यक दृष्टि का विशेष महत्व है। हमें सभी के प्रति समान भाव और करुणा का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।अंत में खीरदान कर सभी ने सेवा और समता का संदेश दिया।अंत में खीरदान कर सभी ने सेवा और समता का संदेश दिया। इस अवसर में ज़िला पंचायत सदस्य जैसारीकला अर्चना दिनेश जैसारी मालती देवी, मीरा चौधरी, सुनीता बौद्ध, अरुणा भारती, अनीता सिंह, अंजली गौतम, निशा सिंह, शीलेश शांति, एडवोकेट अंजना वर्मा, आरती गौतम, बबीता, रजनी, शकुंतला, ज्योति, अंकिता, पूजा चौधरी, आकांक्षा गौतम, सीता, पुष्पा, सरिता, सीमा शिरोमणि, पूजा जाटव, प्रभा, संगीता, संध्या, अंगूरी, नैंसी गौतम, फूलन देवी, कंचन वर्मा,अनुराधा वर्मा, कस्तूरी देवी, गायत्री देवी सहित सैकड़ों उपासक उपासिकाएं उपस्थित रहीं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के तत्वाधान में, जन शिक्षण जालौन के सभागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं श्रमिक जागरूकता शिविर

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस (01 मई 2026) के अवसर पर, जन शिक्षण संस्थान जालौन के सभागार में विधिक साक्षरता एवं श्रमिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पादित कराने में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान जालौन तथा भारतीय जीवन बीमा निगम का विशेष योगदान रहा।

उक्त जन जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिक अधिकारों तथा उनके कल्याण के लिए सरकार द्वारा जारी नियमों/दिशा-निर्देशों के प्रति जागरूक करना था। उक्त विधिक साक्षरता एवं श्रमिक जागरूकता शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि शाम्भवी (प्रथम) (सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन) जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि, ''समाज में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने काम का मजदूर है, बस पेहराव बदल जाता है, लेकिन काम सभी को करने पड़ते हैं।'' साथ ही साथ उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों के प्रति विधिक जानकारी भी विस्तृत रूप से प्रदान की। उक्त विधिक साक्षरता एवं श्रमिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री एस एस राजावत जी (विकास अधिकारी, एलआईसी जालौन) ने अपने सम्बोधन में मजदूरों को भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि,- 'कोई भी देश तभी विकसित होता है जब उस देश में कार्य करने वाले लोग मेहनती होते हैं।'' उन्होंने सभी प्रतिभागियों से कहा कि, '' आप सभी लोग प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद स्वयं का रोजगार/स्वयं की दुकान खोलकर अथवा सरकारी अनुदान प्राप्त कर तथा भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा संचालित बीमा सखी योजना का लाभ लेकर अपना तथा अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर सकते हैं। उक्त विधिक साक्षरता एवं श्रमिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित श्री रामबाबू निषाद जी (न्यायिक सदस्य, स्थायी लोग अदालत) ने अपने संबोधन मे कहा कि,- 'मजदूरों को उनके अधिकरों के बारे में जानकारी देने के लिए मजदूर दिवस मनाया जाता है। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा हेतु सन 1919 ई0 में प्रथम युद्व के बाद, वर्साय की सन्धि द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आई0एल0ओ0) की स्थापना हुयी, जिसका मुख्यालय स्विटजरलैण्ड के जिनेवा शहर में है।' उक्त विधिक साक्षरता एवं श्रमिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का सफल संचालन कर रहे संस्थान निदेशक श्री कन्हैया लाल वैश्य जी ने अपने संबोधन में कहा कि'' प्रत्येक वर्ष 1 मई को मई दिवस (अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस) मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों तथा उनके कल्याण के लिए सरकार द्वारा जारी नियमों/दिशानिर्देशों के प्रति जागरूक करना है। सन 1886 ई0 में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के शिकागो शहर में लगभग 3 लाख श्रमिकों ने श्रमिक संघों के नेतृत्व में 8 घटें कार्य दिवस को लेकर पहली बार देश व्यापी हड़ताल की जिसके 3 साल बाद सन 1889 में अन्तर्राष्ट्रीय समाजवादी संम्मेलन में मजदूर वर्ग के संर्घष का सम्मान करने के लिए 1 मई को अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में घोषित किया। भारत में 1923 ई0 में चेन्नई से श्रमिक दिवस मनाये जाने की शुरूआत हुयी। लेवर किसान पार्टी ऑफ हिन्दुस्तान की अध्यक्ष्ता में 1 मई 1923 को मई दिवस मनाया गया। इसके पूर्व माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण सम्मानित अतिथियों द्वारा किया गया। माँ सरस्वती बन्दना गीत तथा सम्मानित अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत जन शिक्षण संस्थान जालौन की प्रशिक्षणार्थी कु0 वैष्णवीं दुबे द्वारा प्रस्तुत किया गया जब कि श्रमिक गीत 'है देश की शान, मजदूर किसान' कु0 अंशिका द्वारा प्रस्तुत किया जिसने मंचस्थ सम्मानित अतिथियों के हृदय को द्रवित कर दिया। सम्माननीय अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। साथ ही साथ श्री आशीष कुमार के नेतृत्व में प्रतिभागियों/युवक/ युवतियों/अभिभावकों को जागरूक करने के लिए मई दिवस (अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस) से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। उक्त जन जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में उपयुक्त श्रम रोजगार (मनरेगा) से ए0पी0ओ0 मनोज कुमार वर्मा, श्रीकान्त सिंह समाजसेवी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से दीपक तिवारी, शुभम शुक्ला, महेश परिहार, गजेन्द्र कुमार, मनीषा चतुर्वेदी, महेन्द्र मिश्रा एवं जन शिक्षण संस्थान जालौन से रंजीत सिंह, नसरीन बनों, सोनाली अग्निहोत्री, विशाल गुप्ता, मु0 शमीम अहमद, सत्येन्द्र वर्मा आदि का अप्रतिम सहयोग रहा। उक्त विधिक साक्षरता एवं श्रमिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षण केन्द्र से सम्बन्धित उपस्थित प्रशिक्षिकाओं एंव प्रतिभागियों/युवक/युवतियों/ अभिभावकों का भी विशेष योगदान रहा।

# मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान, अंगवस्त्र देकर किया अभिनंदन

## शिवसेना (शिंदे) एनडीए गठबंधन का आयोजन, सैकड़ों मजदूर हुए सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन ।** मजदूर दिवस के अवसर पर शिवसेना (शिंदे) एनडीए गठबंधन द्वारा इंदिरा स्टेडियम के पास श्रमिकों के सम्मान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मजदूरों को आमंत्रित कर उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों ने मजदूरों के योगदान को देश और समाज की प्रगति का आधार बताते हुए उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि मजदूर वर्ग समाज की रीढ़ है, जिनके अथक परिश्रम से देश की अर्थव्यवस्था और विकास की गति निरंतर आगे बढ़ती है।

कार्यक्रम में झांसी मंडल प्रभारी सत्यम सक्सेना, मंडल उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार, जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य, नगर अध्यक्ष अरविंद राजपूत, नगर उपाध्यक्ष हरी सिंह, डॉ. जगदीश कठेरिया, बूथ अध्यक्ष शिव कुमार पाल, सुनील, राहुल, संजीव वर्मा, अनिल वर्मा, मंगल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों मजदूरों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।पदाधिकारियों ने मजदूरों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया। अंत में सभी ने मजदूरों के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लेते हुए सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

# सड़क हादसे में ग्राम प्रधान की दर्दनाक मौत, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरकुरू से एक बेहद दुखद और हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां ग्राम प्रधान प्रवीण कुशवाहा की शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है।

जानकारी के अनुसार, प्रवीण कुशवाहा के छोटे भाई सत्यम कुशवाहा की बारात गुरुवार को थाना एट क्षेत्र के कस्बा एट स्थित अवध पैलेस में आई थी। रात भर शादी की रस्में धूमधाम से पूरी हुईं और परिवार में खुशियों का माहौल था। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। शुक्रवार सुबह प्रवीण कुशवाहा की मां का गांव से फोन आया कि घर का समरसेबल (पानी की मोटर) खराब हो गया है। इस पर प्रवीण तुरंत अपनी कार लेकर गांव के लिए रवाना हो गए। रास्ते में एट थाना क्षेत्र के अंतर्गत उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े नीम के पेड़ से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और प्रवीण कुशवाहा उसमें बुरी तरह फंस गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों और एट थाना पुलिस की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल प्रवीण को तत्काल झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जहां एक ओर घर में शादी की खुशियां थीं, वहीं कुछ ही घंटों में मातम का माहौल छा गया। गांव और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और हर कोई इस घटना से स्तब्ध है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश में सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की मांगों पर जिलाधिकारी को संयुक्त ज्ञापन सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन लखनऊ के केंद्रीय कार्यालय से जुड़े सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों ने जिलाधिकारी जालौन को एक विस्तृत ज्ञापन भेजा है, जिसमें उनकी गुजारिशों को उत्तर प्रदेश सरकार के सामने रखा गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि नियोक्ताओं द्वारा सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों के साथ अन्याय जारी है, जिसमें अवैध रूप से नौकरी से निकाला जाना, अनुचित रूप से भत्ते और वेतन न देना, तथा काम करने के अधिकार पर प्रतिबंध शामिल हैं। सेल्स प्रमोशन कर्मचारी सेवा की शर्तें अधिनियम, 1976 के अनुसार सुरक्षा और अधिकारों की मांग को भी जोर दिया गया है। ज्ञापन में 21 मुख्य मांगें रखी गई हैं, जिनमें श्रम कानूनों को बहाल करना, न्यूनतम वेतन 26,910 रुपये प्रति माह निर्धारित करना, 8 घंटे कार्य दिवस सुनिश्चित करना, यात्रा भत्ते में वृद्धि करना, और अस्पतालों में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध हटाने की प्रार्थना शामिल है। क्रस्क्र के प्रतिनिधि विमेश कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप और मुलाकात की मांग की है, ताकि उत्तर प्रदेश में काम करने वाले हजारों सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को आजीविका सुरक्षा मिल सके।

# यूपी ग्रामीण बैंक का स्थापना दिवस उत्साह, हर्ष के साथ मनाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की झंडा चौराहा शाखा में शुक्रवार को बैंक का स्थापना दिवस उत्साह, हर्ष और आत्मीयता के साथ मनाया गया। शाखा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बैंक कर्मियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और खाताधारकों ने एक साथ सहभागिता कर इसे यादगार बना दिया।



कार्यक्रम की शुरुआत शाखा प्रबंधक राहुल कुमार ने अतिथियों के स्वागत से की। उन्होंने बैंक की गौरवशाली यात्रा, उपलब्धियों और ग्रामीण क्षेत्र के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक केवल एक वित्तीय संस्था नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आशाओं और विश्वास का केंद्र है। उन्होंने कहा कि बैंक हर जमाकर्ता के भरोसे और हर परिवार के सपनों की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। सेवानिवृत्त अधिकारी शशिकांत द्विवेदी और महेश पहारिया ने अपने अनुभव साझा करते हुए बैंक के विकास में पुराने कर्मचारियों के योगदान को याद किया और वर्तमान टीम को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्तकर्मी हरिदास बाथम और गुरु नारायण ने कहा कि यह आयोजन न केवल स्थापना दिवस का उत्सव है, बल्कि बैंक और उसके ग्राहकों के बीच मजबूत संबंधों का भी प्रतीक भी है। उपस्थित खाताधारकों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर बैंक की सेवाओं की सराहना की। अंत में शाखा प्रबंधक राहुल कुमार ने सभी अतिथियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और ग्राहकों का आभार व्यक्त किया।

# पंचायत चुनाव टलने से बदला सियासी समीकरण, गांवों में सन्नाटा तो भीतरखाने रणनीति तेज

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रस्तावित पंचायत चुनावों की तिथियां आगे बढ़ने से सियासी माहौल अचानक बदल गया है। कुछ समय पहले तक जहां गांव-गांव में चुनावी सरगर्मियां, जनसंपर्क अभियान और बैठकों का दौर चरम पर था, वहीं अब माहौल अपेक्षाकृत शांत नजर आ रहा है। नव उत्साहित प्रधान प्रत्याशियों के जोश पर मानो विराम लग गया है, जबकि अनिश्चितता ने सभी को असमंजस में डाल दिया है।

चुनाव टलने का सबसे अधिक असर नए प्रत्याशियों पर पड़ा है, जो तेजी से समाजसेवा और जनसंपर्क के जरिए अपनी पहचान बनाने में जुटे थे। अब उनकी गतिविधियों में कमी आई है। दूसरी ओर, वर्तमान प्रधान और उनके प्रतिनिधि इस बदलते परिदृश्य में खुद को और मजबूत करने में जुट गए हैं। वे अपने कार्यकाल के विकास कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत कर ग्रामीणों का विश्वास जीतने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, कुछ स्थानों पर ग्रामीणों के बीच असंतोष के स्वर भी उभरते दिखाई दे रहे हैं। बिजली, पानी, साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इसी को भुनाने के लिए कई संभावित प्रत्याशी इन मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का वादा कर रहे हैं। वहीं कुछ प्रत्याशी गांव के समग्र विकास और 'गांव की तस्वीर बदलने' जैसे बड़े वादों के साथ जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। गांवों में भले ही चुनावी हलचल धीमी पड़ी हो, लेकिन चर्चाओं का बाजार पूरी तरह गर्म है। चौपालों, चाय की दुकानों और गलियों में एक ही सवाल गूंज रहा है—पंचायत चुनाव आखिर कब होंगे ? अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा न होने से अनिश्चितता और बढ़ गई है। इस बीच, पंचायत अधिकारियों द्वारा कार्यभार संभालने की संभावना भी जताई जा रही है। यदि ऐसा होता है, तो प्रशासनिक स्तर पर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आने की उम्मीद है। जिम्मेदार अधिकारियों के प्रयास से रुकी हुई परियोजनाएं आगे बढ़ सकती हैं, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सकती है। फिलहाल, चुनावी माहौल भले ही ठंडा दिखाई दे रहा हो, लेकिन ग्रामीण राजनीति भीतर ही भीतर सक्रिय है। संभावित प्रत्याशी रणनीति बनाने में जुटे हैं और सही समय का इंतजार कर रहे हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जब चुनाव की तिथियां घोषित होंगी, तब कौन प्रत्याशी जनता की कसौटी पर खरा उतरता है और गांव की बागडोर अपने हाथ में लेता है।

# बाइक ट्रैक्टर की टक्कर मे चार किशोर घायल अस्पताल में भर्ती एक रिफर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया।ग्राम भदेवरा और पंचानन मार्ग के बीच बाइक और ट्रैक्टर की आमने-सामने जोरदार टक्कर में बाइक सवार चार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चारों किशोर एक दोस्त के घर आयोजित पार्टी से लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी युवक छिटककर सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस आपातकालीन सेवा पीआरबी 112 मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया पुलिसकर्मियों ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद एक किशोर की हालत नाजुक देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया जबकि अन्य घायलो का इलाज सीएचसी मे जारी है। घायलों की पहचान शीलू उम्र 17 वर्ष, हर्ष उम्र 16 वर्ष, पियूष उम्र 17 वर्ष और पप्पू उम्र 17 वर्ष के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही घायलो के परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था पर नाराजगी जताई है। पुलिस ने मामले की जांच कर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# घर के बाहर बैठी वृद्ध महिला को पानी लेने अंदर भेजकर बाहर बंधा बकरा लेकर भाग गए टप्पेबाज

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** राहगीर बनकर आए बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने घर पर मौजूद वृद्ध महिला को पानी लाने के लिए घर के भीतर भेजकर बाहर बंधा बकरा बाइक पर लादा और मौके से भाग निकले। मामले की शिकायत महिला के बेटे ने पुलिस से कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आराजीलेन निवासी सलाउद्दीन पुत्र अल्लादीन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार की दोपहर उसका 20 किलो वजन का 20 हजार रूपये कीमत का बकरा घर के बाहर बंधा हुआ था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति आए और उसकी मां से बोले, माता जी गर्मी बहुत है थोड़ा सा पानी पिला दो। सलाउद्दीन ने बताया कि जैसे ही मां घर के भीतर पानी लाने के लिए गई तभी उक्त दोनों व्यक्ति बकरे को बाइक पर लादकर भाग गए। पानी लेकर बाहर दरवाजे पर आई मां को न तो बकरा बंधा हुआ मिला और न ही उक्त बाइक सवार व्यक्ति। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

# विद्युत विभाग के अभियंताओं की घोर लापरवाही से पहले से टूट चुका पोल अचानक कार पर गिरा

**-हो सकती थी बड़ी जनहानि, सड़क पर कैसे खड़ा रहा टूटा हुआ खम्बा**

**-बस उपभोक्ताओं को लूटने के नए नए फार्मूले लागू करते रहते हैं ये अभियंता**

**-सुरक्षा का कोई ध्यान नही रखते**



**कोंच** नगर में शुक्रवार की दोपहर एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब भगत सिंह नगर स्थित मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे लगा एक पुराना जर्जर लोहे का बिजली पोल अचानक गिर पड़ा। यह पोल सीधे सड़क किनारे खड़े एक चार पहिया वाहन सिफ्ट डिजायर नम्बर यूपी 78 जेटी 6208 पर आ गिरा जिससे वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है।जानकारी के अनुसार, यह बिजली पोल पिछले काफी समय से झुका हुआ था और नीचे से जर्जर भी हो गया था। इस पोल को बदले जाने की शिकायत भी आसपास के लोगों द्वारा कई बार की गई थी लेकिन समय रहते इसे नहीं बदला जा सका। शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे अचानक इस पोल के गिरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।लोग भागने लगे गनीमत रही कि पोल गिरने के समय सड़क पर कोई राहगीर या वाहन नहीं गुजर रहा था, वरना बड़ा हादसा घटित हो सकता था। सड़क पर पोल गिरने से खासा जाम लगा रहा और तपती धूप में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वाहन आसपास गलियों से होकर निकल सके। करीब दो घंटे से अधिक समय के बाद वहां पर लगे एक दूसरे पोल के सहारे बिजली कर्मियों द्वारा लाइन जोड़ी गई तब कही जाकर बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। उधर, जानकारी के अनुसार जूही नाका कानपुर निवासी वाहन चालक विवेक सिंह पुत्र रविंद्र सिंह ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह कोंच में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वाहन में सवारियों को बैठाकर लाया था। मौके पर सवारियां उतार रहा था कि तभी बिजली पोल उसके वाहन( गाडी )पर गिर पड़ा जिससे उसका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। विवेक ने मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग की है।पुलिस ने प्रार्थनापत्र पर जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

# पालिकाध्यक्ष ने सभासदो के साथ व व्यापार मंडल ने व्यापारियो के साथ स्टेशन का निरीक्षण करने आए डीआरएम का किया स्वागत

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे डीआरएम अवरूद्ध कुमार का पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने सभासदों के साथ अंगवस्त्र उडाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया वही व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय लोहिया के नेतृत्व में पहुचे व्यापारियों ने पट्टिका ओढ़ाकर स्वागत किया।पालिकाध्यक्ष एवं व्यापारियों ने कई अहम मांगों के क्रियान्वयन किए जाने को लेकर डीआरएम को ज्ञापन भी सौंपे।

डीआरएम को सौंपे ज्ञापन में पालिकाध्यक्ष ने कहा कि यहां रेलवे स्टेशन के पास खाली भूमि पड़ी हुई है जिसका सदुपयोग न होकर कूड़ा एकत्रीकरण में दुरुपयोग हो रहा है, इस खाली भूमि पर नगर पालिका एक पार्क विकसित करना चाहती है ताकि नागरिकों को बीच बस्ती में सुंदर और स्वच्छ वातावरण का स्थान मिल सके। पालिकाध्यक्ष ने इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने की मांग की है। इस दौरान सभासद अनिल वर्मा, विनोद सोनी, दंगल सिंह यादव, माधव यादव, महेंद्र कुशवाहा, नरेश कुशवाहा,समसुद्दीन मंसूरी,आदि मौजूद रहे।वहीं उप्र उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय लोहिया की अगुवाई में स्थानीय व्यापारियों ने कोंच-एट-सरसोखी ट्रेन का मिलान एट जंक्शन पर आने वाली प्रत्येक ट्रेन से कराए जाने की मांग करते हुए डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। किराना व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश गिरवासिया, मंत्री रामशंकर कनकने, कोषाध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, अवध यादव, लला गुप्ता देवगांव आदि व्यापारियों ने ज्ञापन देकर झांसी एवं कानपुर के रास्ते जाने वाली गाड़ियों के मिलान हेतु कोंच-एट शटल ट्रेन की समय सारिणी परिवर्तित करने, कोंच स्टेशन पर आरक्षण, पार्किंग और पेयजल की चौबीसों घंटे सुविधा प्रदान किए जाने एवं स्थल ट्रेन का झांसी/कानपुर तक विस्तार किए जाने की मांग की है।

# ग्राम रूपापुर में 'सरकार आपके द्वार - जन चौपाल' का हुआ आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**माधोगढ़** जालौन ग्राम पंचायत रूपापुर में 'सरकार आपके द्वार – जन चौपाल' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस जन चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान समर सिंह एवं ग्राम सचिव पवन कुमार तिवारी के नेतृत्व में किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न योजनाओं से संबंधित अपनी समस्याएं और प्रश्न अधिकारियों के सामने रखे। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, राशन कार्ड, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन तथा आयुष्मान भारत जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, नए आवेदन स्वीकार किए गए, पात्रता की जांच की गई और कई मामलों में मौके पर ही शिकायतों का निवारण किया गया। ग्राम सचिव पवन तिवारी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को सीधे गांव तक पहुंचाना और हर पात्र व्यक्ति को उसका लाभ दिलाना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें सरकारी योजनाओं को समझने और अपनी समस्याओं का समाधान पाने में काफी मदद मिली है।इस मौके पर एडीओ नौशाद अली, संजय श्रीवास, सुमित यादव आदि लोग उपस्थित रहे!

# साप्ताहिक धार्मिक आयोजन के पहले दिन धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई ।** श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम माहिया खास स्थित रामजानकी मंदिर पर किया जा रहा है। साप्ताहिक धार्मिक आयोजन के पहले दिन गांव में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति से ओतप्रोत होकर झूमे।

क्षेत्रीय ग्राम माहिया खास में रामजानकी मंदिर पर श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन मंदिर परिसर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। एकत्रित महिलाओं ने विधि विधान से कलश में जल भरा और उन्होंने सिर पर कलश धारण कर यात्रा का शुभारंभ किया। कथाव्यास पंडित सर्वेश दीक्षित महाराज की अगुवाई में कलश यात्रा गांव के शिव मंदिर, माता मंदिर, हनुमान मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों से होकर कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में बैंड बाजों पर बज रहे भक्ति गीतों की धुनों पर श्रद्धालु नाचते थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। कथा स्थल पर कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत पुराण के महत्व के बारे में भक्तों को बताकर प्रतिदिन भागवत कथा का श्रवण करने की अपील की। इस मौके पर पारीक्षित आशा मन्ना सिंह सेंगर, मलखान सिंह, राजेंद्र सिंह, यतेंद्र सिंह, राकेश सिंह, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, दीपेंद्र, बीटू, दीपू, सुंदर सिंह, दुर्गा प्रसाद, राहुल, करुणा सिंह, मंजू, अनीता, छवि, नीलम, सोनम आदि रहे।

# सटीक जनगणना की मजबूत तैयारी, डीएम ने खुद कक्षा में बैठकर परखा प्रशिक्षण

## गांधी इंटर कॉलेज में प्रगणकों को दिया व्यावहारिक मार्गदर्शन, 5 मई तक चलेगा प्रशिक्षण अभियान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** भारत की जनगणना 2027 को सफल, सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए जनपद में प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गांधी इंटर कॉलेज में चल रहे प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण किया और स्वयं कक्षा में बैठकर प्रशिक्षण की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से सीधे संवाद कर उन्हें जनगणना कार्य की महत्ता समझाई और कहा कि यह केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की योजनाओं और विकास की नींव तैयार करने वाला महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बिंदु को व्यवहारिक रूप में समझा जाए, ताकि फील्ड कार्य के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो।जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत यह प्रशिक्षण 20 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 5 मई 2026 तक जनपद की सभी तहसीलों एवं नगर निकायों में संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक बैच में लगभग 45 से 50 प्रगणक एवं पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं, जिन्हें तीन दिवसीय अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना के डिजिटल स्वरूप, मोबाइल एप आधारित डेटा संग्रहण, मकानों की सूचीकरण प्रक्रिया एवं फील्ड में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। यह भी बताया गया कि फील्ड कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक निर्धारित किया गया है, जिसके लिए प्रशिक्षित कार्मिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। जनगणना मैनुअल के अनुसार यह प्रक्रिया देश के सामाजिक, आर्थिक और आवासीय ढांचे की सटीक तस्वीर प्रस्तुत करती है, जिससे सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ट्रेनरों द्वारा दी जा रही प्रशिक्षण सामग्री, प्रतिभागियों की सहभागिता तथा कक्षा के वातावरण का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं जाएगी और सभी कार्मिकों को निर्धारित समयसीमा में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करना होगा। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील आदि अधिकारी, प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ईको गाडी ने बाइक में मारा कट

## बाइक सवार मां बेटे गिरकर गंभीर रूप से घायल





**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक सड़क हादसे में माँ-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बाइक से इलाज कराने जा रहे दोनों लोगों को एक तेज रफ्तार इको कार ने कट मार दिया, जिससे बाइक सवार मां बेटे सड़क पर गिर पड़े।जानकारी के अनुसार कमला पत्नी रामप्रकाश उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम कन्हरी, अपने पुत्र विवेक गुप्ता के साथ बाइक से कन्हरी से कोंच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज कराने आ रही थीं। बताया गया है कि कमला पिछले करीब 20 दिनों से बुखार से पीड़ित थीं, जिसके चलते वह उपचार के लिए सीएचसी कोंच जा रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक सिकरी पुलिया के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार इको कार ने अचानक कट मार दिया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और माँ-बेटा दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई।स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायलों को उसी इको कार से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया गया, जहां डॉ. रामकरन गौर ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने कमला की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए उरई जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि पुत्र विवेक का उपचार सीएचसी में किया गया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# मंगेतर के सामने ही बीजेपी नेता ने दोस्तों के साथ किया युवती से बलात्कार, अश्लील वीडियो बनाकर वसूली भी की, फरार नेता पर 1 लाख का इनाम घोषित

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के फतेहपुर जिले के खागा कोतवाली क्षेत्र में मंगेतर के साथ घूमने गई युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने शिकंजा बेहद सख्त कर दिया है। फरार मुख्य आरोपी और भाजपा नेता बबलू सिंगरौर पर प्रयागराज जोन के एडीजी ने इनाम की राशि बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी पुलिस की 7 टीमें मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में आरोपी की तलाश में खाक छान रही हैं।



### 3 घंटे तक बंधक बनाकर की दरिंदगी, ऑनलाइन वसूले पैसे

यह रूहकंपा देने वाली घटना 24 अप्रैल की है। पीड़िता अपने मंगेतर के साथ अपनी बुआ के घर जा रही थी। गर्मी और धूप की वजह से वे रास्ते में एक जगह रुककर कोल्ड-ड्रिंक पीने लगे, तभी आरोपियों ने उन्हें घेर लिया। मंगेतर को बंधक बनाकर उसके सामने ही युवती के साथ 3 घंटे तक सामूहिक दुष्कर्म किया गया। आरोपियों ने न केवल मारपीट की बल्कि अश्लील वीडियो बनाए और पीड़ित पक्ष से डरा-धमकाकर 2500 रुपये ऑनलाइन पेटीएम के जरिए ट्रांसफर भी करवा लिए।

### इटारसी रेलवे जंक्शन पर दिखा आरोपी

एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि फरार चल रहे बबलू सिंगरौर को 28 अप्रैल को मध्य प्रदेश के इटारसी रेलवे जंक्शन पर देखा गया है। पुलिस को वहां का सीसीटीवी फुटेज मिल गया है, जिसमें वह भागता हुआ नजर आ रहा है। एक विशेष टीम लगातार उसका पीछा कर रही है और दावा किया जा रहा है कि वह जल्द ही सलाखों के पीछे होगा।

### पुलिस की लापरवाही पर गिजी गाज

इस मामले में पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठे थे। पीड़ित मंगेतर का आरोप है कि जब वे शिकायत लेकर खागा कोतवाली पहुंचे, तो उन्हें वहां से भगा दिया गया और घंटों इंतजार कराया गया। मामला जब एसपी तक पहुंचा, तो उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए लापरवाही बरतने वाले इंस्पेक्टर रमेश कुमार पटेल को लाइन हाजिर किया और चौकी प्रभारी अनीस सिंह को निलंबित कर दिया।

### विधायक पर आरोपी को बचाने का आरोप, परिवार को मिल रही धमकियां

पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि मुख्य आरोपी भाजपा में पदाधिकारी है और स्थानीय विधायक उसे बचाने का प्रयास कर रही हैं। परिवार का यह भी दावा है कि उन पर सुलह करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और 8 लाख रुपये का लालच दिया जा रहा है। नाम न हटाने पर जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। पीड़ित पक्ष ने सवाल उठाया है कि आखिर अब तक आरोपी के घर पर बुलडोजर क्यों नहीं चला ?

### दो आरोपी पहले ही जा चुके हैं जेल

पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए दो अन्य आरोपियों, युवराज और ललित को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

# वर्दी वाला गुंडा, एसीपी रैंक के अधिकारी ने 9 साल की बच्ची को दिखाया अपना प्राइवेट पार्ट

( यंग भारत न्यूज )

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां एक सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) रैंक के अधिकारी को एक 9 साल की बच्ची को अपना प्राइवेट पार्ट दिखाने का आरोप में गिरफ्तार किया गया है. वर्ली पुलिस के मुताबिक पुलिस अधिकारी ने वर्ली के एक गार्डन में 9 साल की बच्ची के सामने अपने गुप्तांग का प्रदर्शन किया. आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.



### बच्ची के सामने किया था गुप्तांगों का प्रदर्शन

पुलिस सूत्रों ने कहा कि शिकायत मिलते ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया. एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'आरोपी ने अपने गुप्तांगों का प्रदर्शन किया था. यह घटना 23 अप्रैल को हुई जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.'

### पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

अधिकारी ने बताया कि अभी तक आरोपी पुलिस अधिकारी के खिलाफ केवल एक शिकायत आई है. आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और बाल यौन उत्पीड़न संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है. वहीं यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के तहत पीड़िता की पहचान को गुप्त रखा गया है.

# छोटा भाई बना हैवान, गुस्सा आया तो बड़े भाई को ट्रैक्टर से कुचलकर उतार दिया मौत के घाट, सन्न रह गया पूरा गांव

( यंग भारत न्यूज )

झुंझुनूं जिले के पचेरी कलां थाना इलाके के रसूलपुर गांव में पारिवारिक विवाद ने भयावह रूप ले लिया. यहां छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई को ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया.घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया. हत्या का शिकार हुआ युवक शादीशुदा था लेकिन उसकी कोई संतान नहीं थी. उसके पिता की पहले ही हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है. वह दिल्ली में एक निजी कंपनी में काम करता था और इन दिनों अपने गांव आया हुआ था.



जानकारी के अनुसार रसूलपुर निवासी 35 वर्षीय अनूप गुरुवार दोपहर करीब दो बजे बाहर से अपने घर लौटा था. घर पहुंचते ही उसका अपने छोटे भाई अजीत से दोस्तों के साथ घूमने-फिरने की बात को लेकर विवाद हो गया. यह विवाद कोई नया नहीं था. बल्कि दोनों भाइयों के बीच इसी बात को लेकर आए दिन कहासुनी होती रहती थी. बताया जा रहा है कि देखते ही देखते कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया और दोनों भाइयों के बीच मारपीट शुरू हो गई. इसी दौरान अनूप ने अपने चाचा के बेटे कृष्ण यादव को फोन कर बताया कि उसके साथ मारपीट हो रही है और स्थिति गंभीर होती जा रही है.

**गुस्से में आकर चढ़ा दिया भाई पर ट्रैक्टर**

कृष्ण यादव के अनुसार जब वह मौके पर पहुंचा तो विवाद चरम पर था. आरोप है कि इसी दौरान अजीत ने गुस्से में आकर ट्रैक्टर चलाकर अनूप के ऊपर चढ़ा दिया. ट्रैक्टर से कुचलने के कारण अनुप गंभीर रूप से घायल हो गया. बीच-बचाव करने पहुंचे कृष्ण यादव के साथ भी मारपीट की गई. इससे उसके सिर में चोट आई और वह भी घायल हो गया. घटना के बाद परिजन आनन-फानन में गंभीर घायल अनूप को पचेरी के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे. वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बुहाना रैफर कर दिया गया. इसके बाद उसे बुहाना के राजकीय अस्पताल ले जाया गया. वहां डॉक्टर्स ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

**घटना के बाद रसूलपुर गांव में दहशत का माहौल हो गया**

अनूप की इस तरह अचानक मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. घटना की सूचना मिलते ही पचेरी कलां पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए. थानाधिकारी बनवारीलाल यादव ने बताया कि पूरे मामले की हर एंगल से गहनता से जांच की जा रही है. आरोपी की भूमिका की पड़ताल की जा रही है. इस घटना के बाद रसूलपुर गांव में दहशत का माहौल हो गया. ग्रामीणों का कहना है कि पारिवारिक विवाद इतना बढ़ जाएगा. इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी. इस घटना ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया है.

# एक अफेयर, दो तलाक और दो लाशें: विक्रांत के गायब होते ही पुलिस के रडार पर आई थी राखी, 10 दिन में खूनी खेल का खौफनाक अंत

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के बागपत और सहारनपुर जिलों को दहला देने वाले डबल मर्डर केस की परतें अब धीरे-धीरे खुलने लगी हैं। यह कहानी किसी फिल्मी थ्रिलर जैसी है, जिसमें इश्क, धोखा, पैसा और फिर मौत का तांडव शामिल है।



प्रयागराज के रहने वाले डूडा (DUDA) सिटी मिशन मैनेजर विक्रांत और उनकी प्रेमिका राखी कश्यप की हत्या ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं।

**पार्टी के बीच चली गोली और फिर शुरू हुआ मौत का सफर**

मामले की शुरुआत 15 अप्रैल से होती है। बागपत की अर्जुनपुरम कॉलोनी में रहने वाले विक्रांत ऑफिस के बाद घर लौटे और फिर रहस्यमयी तरीके से लापता हो गए। जांच में सामने आया कि विक्रांत के लापता होने से ठीक पहले राखी कश्यप के घर पर एक पार्टी हुई थी। इस पार्टी में विक्रांत और राखी के अलावा कुछ अन्य लोग भी शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, इसी पार्टी के दौरान विक्रांत को गोली लगी। हैरानी की बात यह है कि राखी ने खुद कंट्रोल रूम को फोन कर सूचना दी थी कि उसके पति ने खुद को गोली मार ली है, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही उसने फोन बंद कर लिया और बाद में इसे 'पारिवारिक विवाद' बताकर टाल दिया।

**पुलिस की एक चूक और चली गई राखी की जान!**

जब 23 अप्रैल को विक्रांत की पत्नी प्राची ने गुमशुदगी दर्ज कराई, तब पुलिस ने कॉल डिटेल्स खंगाली। विक्रांत और राखी के बीच लंबी बातचीत के सबूत मिले। पुलिस ने राखी को कोतवाली बुलाकर पूछताछ भी की, लेकिन वह टूट नहीं पाई। पुलिस ने केवल उसकी लाइसेंसी पिस्टल जमा की और उसे छोड़ दिया। चर्चा है कि अगर उस वक्त पुलिस सख्ती से पूछताछ करती, तो शायद राखी की जान बच सकती थी। पूछताछ के अगले ही दिन राखी भी लापता हो गई और 27 अप्रैल को उसकी लाश सहारनपुर के रजबहे (नहर) में मिली।

**चार लाख का रहस्य और राखी का विवादित अतीत**

पुलिस जांच में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। गायब होने से महज दो दिन पहले विक्रांत ने अपने बैंक खाते से 4 लाख रुपये निकाले थे। ये रुपये कहां गए और किसलिए निकाले गए, यह अभी भी एक राज बना हुआ है। उधर, राखी कश्यप की पृष्ठभूमि भी काफी पेचीदा रही है। राखी के दो तलाक हो चुके थे और वह बागपत में खुद को डूडा का कर्मचारी बताकर रहती थी। उस पर कई मुकदमे दर्ज थे और हाल ही में कचहरी परिसर में उसका एक युवक से झगड़ा भी हुआ था।

**भाजपा नेता और साथी पर हत्या का शक, पुलिस की दबिश जारी**

राखी और विक्रांत की हत्या के तार अब राजनीतिक रसूख से जुड़ते दिख रहे हैं। सहारनपुर पुलिस ने इस मामले में भाजपा नेता सुधारस और उसके साथी कपिल को मुख्य संदिग्ध माना है। गुरुवार को पुलिस ने पुराने कस्बे में दबिश देकर कपिल को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उन सभी लोगों से पूछताछ कर रही है, जिनसे हत्यारोपियों ने बुधवार को फोन पर बात की थी। विक्रांत की पत्नी प्राची नोएडा में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में कार्यरत हैं। जिस दिन यह खौफनाक वारदात शुरू हुई, वह अपनी ड्यूटी पर नोएडा गई हुई थीं।

# हज के नाम पर जज को ही 24 लाख का चूना लगा दिया साइबर ठगों ने

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के सहारनपुर में हज यात्रा के नाम पर बड़ी साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें ठगों ने एक विशेष न्यायाधीश को ही अपना शिकार बना लिया। आरोपियों ने खुद को ट्रैवल एजेंसी संचालक बताकर हज यात्रा की पूरी व्यवस्था कराने का भरोसा दिया और इसके बदले करीब 23 लाख 99 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। रकम मिलने के बाद भी न तो यात्रा की कोई तैयारी की गई और न ही पीड़ित को कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध कराया गया। जब बार-बार संपर्क करने पर भी आरोपी केवल बहाने बनाते रहे, तब मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई गई। जांच के दौरान पता चला कि लखनऊ की अलफहाद टूरिज्म कंपनी के नाम से यह पूरा खेल चल रहा था और कंपनी के पास हज यात्रा से जुड़ा कोई अधिकृत लाइसेंस भी नहीं था। यानी शुरुआत से ही यह पूरा मामला सुनियोजित धोखाधड़ी का हिस्सा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर क्राइम टीम ने तुरंत जांच शुरू की। प्रभारी निरीक्षक इंद्रेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लखनऊ निवासी ओसामा रशीदी और एजाज अहमद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में कई और नाम सामने आए हैं, जिनमें कंपनी का डायरेक्टर आमिर रशीदी भी शामिल बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि बाकी आरोपियों की तलाश जारी है और ठगी गई रकम वापस दिलाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। साइबर थाना पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी ट्रैवल एजेंसी या ऑनलाइन भुगतान से पहले उसकी वैधता जरूर जांच लें। किसी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, बैंक डिटेल या अन्य निजी जानकारी साझा न करें। यदि किसी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होती है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या आधिकारिक साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।



# 'मेरा पति समलैंगिक है', घर के हिडन कैमरे में दिखे कई पुरुष मित्र, मैनपुरी में परेशान महिला ने करा दी एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )



प्रदेश के मैनपुरी से एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने परिजनों के होश उड़ा दिए। पत्नी ने पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इंजीनियर पति एटा जिले के अवागढ़ का रहने वाला है और पत्नी के साथ वर्तमान में आगरा में रह रहा है पति आईआईटी से एमटेक है और मुंबई की एक कंपनी में ढाई लाख की सैलरी पर जॉब कर रहा है। यूपी के मैनपुरी जिले की रहने वाली पीड़िता की शादी फरवरी 2024 में हुई थी। उसकी शादी एटा के अवागढ़ निवासी शिवम गुप्ता से हुई थी। पिता ने बेटी की शादी में करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए और खुशी-खुशी बेटी को ससुराल विदा किया। पति शिवम मुंबई की एक कंपनी में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर है। शादी के बाद दोनों आगरा के एक अपार्टमेंट में रहने लगे। शादी के बाद सुहागरात को पति पत्नी से कन्नी काटता रहा। शादी के कई महीनों तक पति ने पत्नी के साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाए। इस पर पत्नी को पति पर शक हुआ। पति की इस हरकत से परेशान होकर पत्नी ने फ्लैट में खुफिया कैमरे लगवा दिए। खुफिया कैमरे में जो कैद हुआ, वो देखकर पत्नी के होश उड़ गए। पत्नी के अनुसार, पति अलग-अलग लड़कों को पैसा देकर घर बुलाता है। उसके बाद उन लड़कों से अपने साथ कुकर्म और अप्रकृतिक मैथुन कराता था। वहीं, पत्नी का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो ससुरालीजन उसको प्रताड़ित करने लगे। साथ ही 50 लाख रुपये दहेज की मांग करने लगे। सुसरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर महिला मैनपुरी कोतवाली पहुंची और इसके वीडियो पुलिस को सौंपकर एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस वीडियो के आधार पर जांच कर रही है।

# मेरी पत्नी का 3 मर्दों से संबंध', सॉफ्टवेयर इंजीनियर पति झील में कूदकर दी जान, सुसाइड नोट में लिखा- 'घर बुलाती थी प्रेमियों को..'



( यंग भारत न्यूज )

हैदराबाद में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां 36 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर एस. सीताराम रेड्डी ने हुसैन सागर झील में कूदकर आत्महत्या कर ली। मामले में अब उनकी पत्नी रेणुका और उसके एक दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पत्नी पर पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का गंभीर आरोप लगाया गया है।

### झील में मिला था शव

घटना 8 फरवरी की बताई जा रही है, जब सीताराम रेड्डी ने हुसैन सागर झील में कूदकर अपनी जान दे दी थी। अगले दिन उनका शव बरामद किया गया। बाद में सामने आए 19 पन्नों के सुसाइड नोट ने पूरे मामले को चौंकाने वाला बना दिया।

### 19 पन्नों के सुसाइड नोट में गंभीर आरोप

सुसाइड नोट में मृतक ने अपनी पत्नी रेणुका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसमें दावा किया गया है कि पत्नी के पिछले डेढ़ साल में तीन अलग-अलग लोगों से अवैध संबंध थे। इंजीनियर ने लिखा कि इस कारण वह मानसिक रूप से बेहद परेशान थे। नोट में यह भी दावा किया गया है कि पत्नी का एक निजी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे इंस्टाग्राम पर साझा किया गया था। बताया गया कि इस वीडियो को देखने के बाद ही उन्हें पत्नी के कथित संबंधों का पता चला और वह मानसिक तनाव में आ गए।

### घर में आते थे प्रेमी, तनाव में थे इंजीनियर

सुसाइड नोट के अनुसार, पत्नी का एक कथित प्रेमी अक्सर घर आता था, जिससे दंपति के बीच लगातार विवाद होते थे। इंजीनियर ने लिखा कि उन्होंने अपनी पत्नी की हर जरूरत पूरी की, लेकिन इसके बावजूद उन्हें धोखा मिला।

### पत्नी और उसके दोस्त गिरफ्तार

पुलिस ने सुसाइड नोट और प्रारंभिक जांच के आधार पर रेणुका और उसके एक दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब डिजिटल सबूतों और वायरल वीडियो की भी जांच कर रही है।

### लगातार झगड़ों से बिगड़े हालात

जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। परिवार के मुताबिक, रेणुका का 35 वर्षीय एक व्यवसायी एम. रमना रेड्डी के साथ भी संबंध था, जिससे दोनों के बीच तनाव बढ़ता गया।

### परिवार का आरोप - मानसिक तनाव में की आत्महत्या

मृतक के पिता वेंकटेश्वर ने आरोप लगाया है कि उनकी बहू के कथित अफेयर और विवादों के कारण उनका बेटा गंभीर मानसिक तनाव में था। जनवरी में रेणुका घर छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद सीताराम ने गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई थी। परिवार का कहना है कि मिले कथित निजी वीडियो और रिश्तों को लेकर हुए विवादों ने इंजीनियर को पूरी तरह तोड़ दिया, जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया।

### पुलिस कर रही गहन जांच

पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है, जिसमें सुसाइड नोट, डिजिटल साक्ष्य और सोशल मीडिया गतिविधियां शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि हर आरोप की गहराई से जांच की जा रही है और सच्चाई सामने लाई जाएगी। फिलहाल आरोपी पत्नी और उसका सहयोगी पुलिस हिरासत में हैं और मामले ने पूरे शहर में सनसनी फैला दी है।

# बुंदेलखंड की प्रतिभा सीए गौरव गुप्ता की पुस्तक 'Echoes of Excellence' का लोकार्पण, राष्ट्रीय मंच पर मिली सराहना

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** संविधान क्लब में आयोजित एक भव्य साहित्यिक समारोह में बुंदेलखंड के युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट Gaurav Gupta की पुस्तक Echoes of Excellence' का लोकार्पण केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। यह आयोजन द हाउस ऑफ मेमॉयर एवं बुंदेलखंड विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।



'Echoes of Excellence' में लेखक ने अपने अनुभवों, संघर्षों और सफलता के सिद्धांतों को प्रस्तुत किया है, जो विशेष रूप से युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। साथ ही Gaurav Gupta का झांसी में वाणिज्य (Commerce) के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिससे उन्होंने अनेक विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान की है। इस अवसर पर अन्य पुस्तकों में 'Not The End , Rahul Resolved' एवं Defying Odds' का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'जेम्स ऑफ बुंदेलखंड' सम्मान से भी Gaurav Gupta को सम्मानित किया गया, जिससे उनके योगदान को व्यापक पहचान मिली। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।आयोजन के संस्थापक शहज़ेब खान ने बताया कि द हाउस ऑफ मेमॉयर का उद्देश्य देशभर की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना तथा उनके अनुभवों और जीवन कथाओं को पुस्तक के माध्यम से समाज तक पहुंचाना है। इस अवसर पर आयोजन टीम के सदस्य फैज़ खान, मानवेंद्र सिंह, प्रभदीप सिंह, अभिषेक यादव, जियान आरिफ, अलीना खान, हर्ष शुक्ला, आयुषी मिश्रा, ऐश्वर सराओगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती संध्या कुशवाहा, प्रभारी प्रधानाचार्या कविता वर्मा, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।



इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक संजय ने विद्यार्थियों को भगवान बुद्ध के जीवन, उनके ज्ञान प्राप्ति, करुणा, अहिंसा, सत्य, मध्यम मार्ग तथा मानवता के संदेश के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएँ आज भी समाज को शांति, संयम और सद्भाव का मार्ग दिखाती हैं। विद्यार्थियों को बताया गया कि बुद्ध का जीवन केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मचिंतन और मानवीय मूल्यों का प्रेरणास्रोत है। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर के साथ-साथ आज मई दिवस (अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस/मजदूर दिवस) भी था इस पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर मिस अनुष्का जगत (कक्षाये - 1 ह्लश 5) ने बच्चो को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस/मजदूर दिवस के बारे में भी जानकारी दी । कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़ी श्रद्धा और अनुशासन के साथ सहभागिता की। विद्यालय परिवार ने भगवान बुद्ध के संदेश— 'अप्प दीपो भव ', अर्थात स्वयं अपने जीवन का प्रकाश बनो—को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मजदूर दिवस की शुभकामनाएँ भी दी गईं। विद्यालय परिवार ने समाज और राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि परिश्रम, समर्पण और ईमानदारी ही प्रगति की वास्तविक नींव हैं। विद्यालय की निदेशिका संध्या कुशवाहा ने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएँ विद्यार्थियों को शांत, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती हैं। प्रभारी प्रधानाचार्या कविता वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बुद्ध के विचारों को अपने जीवन में अपनाने तथा प्रेम, करुणा और अनुशासन के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# दरवाजा खोलते समय महिला को लगा करेंट, सीएचसी में कराया भर्ती

( यंग भारत न्यूज )




**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तराया गांव में दरवाजा खोलते समय 25 वर्षीय महिला को लगा करेंट सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया।

बदौसा थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव की रहने वाली महिला अंजू देवी पत्नी अमित यादव उम्र करीब 25 वर्ष, यह निमंत्रण करने के लिए अपने रिश्तेदारों के यहां तराया गांव गई हुई थी, तभी आज गुरुवार को दरवाजा खोलते समय वहीं से निकली विद्युत लाइन दरवाजे में टच हो जाने से करेंट की चपेट पर आकर गिर गई, जैसे ही परिजन व रिश्तेदारों ने देखा तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

# देशवासियों के लिए सुख समृद्धि एवं शांति परमात्मा प्रदान करे।।डॉ श्याम सुंदर पाराशर

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** विश्व विख्यात कथा व्यास डॉ श्याम सुंदर पाराशर शास्त्री जी को वृंदावन जाते समय गणमान्य लोगों ने उन्हें रेलवे स्टेशन पर विदाई दी। सिद्धेश्वर पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य हरीओम पाठक के ग्राम जेवरा में कथा समाप्त कर वह वृंदावन को रवाना हुए।

नगर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य ज्योतिष रत्न पं बसंत शावरीकर ने उनसे भेंट कर अपने पिताजी विनायक राव शावरीकर की रचित गीता की चौपाइयों में रूपांतरित पुस्तक सरल बोधिनी हिंदी गीता उन्हें भेंट की ।यह गीता चौपाइयों में है कोई भी इसका पाठ कर सकता है। इस मौके पर डॉ श्याम सुंदर पाराशर ने बताया कि भगवान की भक्ति हरी नाम नाप कलयुग में मुक्ति का सबसे बड़ा साधन है ।भगवान का भजन करें,जिससे हमारा राष्ट्र सुख सम्पन्न एवं वैभव शाली बने ।सभी सुखी रहें,सभी निरोगी रहें ।यही मंगलकामना सभी देश वासियों के लिए है। इस मौके पर आचार्य मनोज पाठक,रामसेववक अरजरिया, प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश द्विवेदी, दीपक त्रिपाठी, धर्मेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

# रेत रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंदा,दो की मौत,एक गंभीर

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा ।** मर्का घाट यमुना पुल पर 30 अप्रैल गुरूवार की रात 10:00 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जरौली गांव निवासी बसंता निषाद (21 वर्ष) पुत्र श्यामकरन निषाद, सनी निषाद (25 वर्ष) पुत्र लोटन निषाद, और शिवम सिंह (19 वर्ष) पुत्र बच्चू सिंह, एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर मर्का गांव यमुना पार निमंत्रण में जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक मर्का घाट यमुना पुल पर चढ़ी, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि सनी निषाद और शिवम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बसंता निषाद गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत फतेहपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि सनी निषाद की शादी 21 अप्रैल 2026 को ही हुई थी, जिससे परिवार में मातम और भी गहरा हो गया। घटना की खबर मिलते ही जरौली गांव में हड़कंप मच गया, परिजन और ग्रामीण तुरंत मर्का घाट पुल की ओर दौड़ पड़े। गुस्साए ग्रामीणों ने दोनों शवों को उठाकर जरौली पानी की टंकी के पास रोड जाम कर दिया। सूचना मिलते ही असोथर थाना पुलिस भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची, स्थिति को संभाला और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। इनसेट वही ग्रामीणों के अनुसार रात दिन ओवरलोड ट्रक निकलते हैं। इसे पर जिला प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है अगर कोई विरोध करता है तो पुलिस उसे धमकी देती है।

# नवागत डीएम ने ऐला गांव के सचिव को अवैध आवास की वसूली को लेकर किया निलंबित

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** नवागत जिला अधिकारी अमित आसेरी ने शिकायतकर्ता ऐला गांव निवासी लाल बाबू ,राजाराम आदि द्वारा ग्राम पंचायत ऐला के सचिव केदारनाथ कुशवाहा एवं ग्राम रोजगार सेवक विष्णु के द्वारा ग्राम पंचायत में आवास सर्वेयर में धनराशि की वसूली किए जाने की शिकायत की गई थी तात्कालीन जिलाधिकारी द्वारा परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण बांदा व जिला पंचायत राज अधिकारी बांदा से उक्त प्रकरण की संयुक्त जांच कराई जांच में दोषी पाए जाने के क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा केदारनाथ कुशवाहा ग्राम पंचायत अधिकारी को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए जाने हेतु कारण बताओं नोटिस निर्गत की । सचिव केदारनाथ कुशवाहा द्वारा अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने के फलस्वरूप जिलाधिकारी अमित आसेरी द्वारा प्रकरण का संज्ञान लेकर पत्रावली तलब की गई आरोपों के गंभीरता के दृष्टिगत नवागत जिला अधिकारी ने 30 अप्रैल को केदारनाथ कुशवाहा ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खंड महुआ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विकासखंड महुआ में संबद्ध करते हुए प्रकरण की जांच विनोद कुमार सहायक विकास अधिकारी पंचायत विकासखंड कमासिन को नामित किया गया है।

# संस्कार संरक्षण समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर संस्कार संरक्षण समिति द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक भाइयों-बहनों के सम्मान में 'श्रमिक सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दन असौलिया ने सभी श्रमिकों का माला पहनाकर सम्मान किया साथ ही संस्था की मीडिया प्रभारी एवं अध्यापिका सेजल अग्रवाल ने उपस्थित सभी श्रमिकों को मिठाइयां वितरण कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर श्रमिकों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। संस्था के अध्यक्ष सुशील जांगड़े ने अपने सम्बोधन में मजदूरों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और कहा कि श्रमिक समाज की रीढ़ हैं, जिनके बिना विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम में संदीप, मोलू, पप्पू, रुक्मणी, अनीता, सोनू , करण, सुबोध, शिशुपाल आदि उपस्थित रहे अंत में चन्दन असौलिया ने सभी उपस्थित श्रमिकों, सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# संघमित्रा बौद्ध विहार अम्बेडकर पार्क में तथागत गौतम बुद्ध जी की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई



( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** संघमित्रा बौद्ध विहार अंबेडकर पार्क कचेहरी चौराहा बांदा में शुक्रवार को तथागत गौतम बुद्ध जी की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई,बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया जिसमें बुद्ध वंदना खीर दान धम्म विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी महिला ,पुरुष ,बच्चों ने सहभागिता किया कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया बुद्ध के जीवन पर आधारित विश्व शांति के मार्ग को सभी को अपनाना चाहिए विश्व में महात्मा गौतम बुद्ध के विचार बुद्ध जी ने बगैर अस्त्र लिए हुए शांति का दूत बनकर पूरी दुनिया में धर्म (धम्म )को विस्तारित करने का काम किया ।और आज संपूर्ण विश्व में बुद्ध (धम्म )को स्वीकार किया गया साथ ही मानवता शांति करुणा मैत्री का संदेश महात्मा तथागत गौतम बुद्ध ने दुनिया को देने का काम किया सभी वक्ताओं ने दुनिया में शांति का संदेश देने वाले महात्मा गौतम बुद्ध को उनके जन्म दिवस पर हार्दिक बधाइयां मंगल कामनाएं की साथ ही दुनिया में शांति के संदेश देने के लिए संपूर्ण मानववाद को प्रेरित किया गया इस अवसर पर ऑल अधिकारी कर्मचारी शिक्षक विकास परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार (राजा)द्वारा लिखित तथागत गौतम बुद्ध की विचारों को उनके द्वारा समाज में प्राप्त तमाम तरह की बुराइयों को समाप्त करने की प्रेरणा प्रदान की गई साथ ही संगठन के प्रांतीय संयोजक डी0के0 वर्मा जी, एवं राष्ट्रीय संयोजक सत्यस्वरूप जी, तथा राष्ट्रीय संयोजक एमएल वर्मा ,मंडल संयोजक महेश साहिल ,जीतू वर्मा , जेपी सिंह ,सुखलाल बौद्ध जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय बौद्ध महासभा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा बांदा एवं प्रदेश सदस्य भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश एवं अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी गण द्वारा तथागत बुद्ध के शांति के मार्ग पर चलने के लिए संपूर्ण विश्व को आह्वान किया एवं सभी के द्वारा तथागत बुद्ध को उनकी प्रेरणा के लिए उनकी जयंती पर मंगल कामनाएं की गई।

# माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना प्रदर्शन आज

( यंग भारत न्यूज )

झांसी। उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना प्रदर्शन आज शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय झांसी पर दोपहर एक बजे से होगा। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन में जिला एवं मंडल के शिक्षक उपस्थित होंगे।

## आईपीएल सट्टा खिला रहे दो बुकी गिरफ्तार

**झांसी।** जनपद में सीपरी बाजार थाना पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से मोबाइल फोन, नकदी और करोड़ों के ऑनलाइन सट्टे से जुड़े क्वाइन बरामद किए हैं। जांच में आरोपियों के जरिए आठ करोड़ रुपए के लेनदेन का भी खुलासा हुआ है। एसपी सिटी प्रीति सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर महेंद्रपुरी कॉलोनी स्थित एक मकान पर दबिश दी गई। यहां से अंशुमान सिंह (40) और अभिषेक पाठक (31) को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान मौके से 4 स्मार्ट मोबाइल फोन और 5,320 रुपए नकद बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया कि मोबाइल फोन में जैसी वेबसाइट्स खुली हुई थीं। इन प्लेटफॉर्म्स पर अलग-अलग यूजर आईडी के जरिए ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा था, जिसमें कुल 8 करोड़ 5 लाख 49 हजार 138 क्वाइन का लेन-देन पाया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के 9 बैंक खातों की जांच में सट्टे से जुड़े लेन-देन के 1.80 लाख रुपए फ्रीज कराए गए हैं।

# राष्ट्रीय मंच पर चमकी बुंदेलखंड की प्रतिभा, सीए गौरव गुप्ता की पुस्तक Echoes of Excellence' का हुआ लोकार्पण

( यंग भारत न्यूज )

झांसी। राजधानी के संविधान क्लब में आयोजित एक प्रतिष्ठित साहित्यिक कार्यक्रम में बुंदेलखंड के जाने-माने चार्टर्ड अकाउंटेंट गौरव गुप्ता की पुस्तक 'Echoes of Excellence' का औपचारिक लोकार्पण केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में किया गया। यह कार्यक्रम द हाउस ऑफ मेमॉयर तथा बुंदेलखंड विकास परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।



यह पुस्तक लेखक के व्यक्तिगत अनुभवों, संघर्षों और सफलता की यात्रा को दर्शाती है, जो युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। खास बात यह है कि Gaurav Gupta ने झांसी में कॉमर्स के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और कई विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देकर उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। कार्यक्रम के दौरान अन्य पुस्तकों 'Not The End , Rahul Resolved' और Defying Odds' का भी लोकार्पण किया गया। इसी अवसर पर 'जेम्स ऑफ बुंदेलखंड' सम्मान से भी Gaurav Gupta को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। आयोजन के संस्थापक शहज़ेब खान ने कहा कि द हाउस ऑफ मेमॉयर का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनके अनुभवों को समाज तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में फैज़ खान, मानवेंद्र सिंह, प्रभदीप सिंह, अभिषेक यादव, जियान आरिफ, अलीना खान, हर्ष शुक्ला, आयुषी मिश्रा, ऐश्वर सराओगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718